वर्ष - 35 | अंक67 | www.skhnewstv.com | 25 सितम्बर 2024 फिरोजाबाद | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 1

दैनिक सच क्या है की प्रस्तुति
SKH NEWS

R.N.I.NO. 56725/89

# सच क्या है

(उत्तर भारत का प्रमुख हिन्दी दैनिक)



अंदर के पेज

3 महिलाओं में नेतृत्व क्षमता विकास के लिए महिला आयोग की बड़ी भूमिका : मुख्यमंत्री
4 उप्र : गोशाला में मवेशियों को मारने की साजिश, भूसे में मिला दी सल्फास की गोलियां
5 शिक्षा को रोजगार से जोड़कर योजना बनाएं विश्वविद्यालय : राज्यपाल
6 सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में आठ छात्राओं को मिलेगा स्वर्ण पदक
7 पर्यावरण मित्र ने मनाया बीसवां स्थापना दिवस

## प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा को राजग के घटक दलों ने सराहाते हुए कहा- मोदीजी निर्विवाद विश्व नेता

नई दिल्ली, 24 सितंबर (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया अमेरिकी यात्रा की सफलता को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सहयोगी दलों के नेताओं ने उन्हें बधाई दी है। आंध्रप्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्रियों ने कहा है कि देशों को एक साथ लाकर निर्विवाद रूप से वे बड़े विश्व नेता के रूप में उभरे हैं।



प्रधानमंत्री मोदी को राजनेता की संज्ञा देते हुए आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं टीडीपी नेता एम चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि हम उनके नेतृत्व में काम कर रहे हैं। विभिन्न राष्ट्रों के बीच भारत की स्थिति मजबूत की है और समुदायों व देशों को एक साथ लाकर निर्विवाद रूप से वे बड़े विश्व नेता के रूप में उभरे हैं। संयुक्त राष्ट्र में उनका संबोधन इस बात का प्रमाण है कि विश्व नेता भारत को कितना महत्व देते हैं और आने वाले वर्षों में हम वैश्विक मंच पर क्या भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं।

अमेरिकी यात्रा को दूरगामी एवं सकारात्मक प्रभाव छोड़ने वाला बताते हुए बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल (यू) नेता नितीश कुमार ने कहा कि भारत-अमेरिका के बीच निवेश बढ़ाने को लेकर लिए गए निर्णय स्वागत योग्य हैं। इससे अत्याधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में निवेश बढ़ेगा और विकास के नए रास्ते खुलेंगे। बिहार के लोग नये अवसरों से उत्साहित हैं। विश्व के नेताओं और भारतीय प्रवासियों की तरफ से गर्मजोशी के साथ किया गया स्वागत उनके नेतृत्व को मजबूती प्रदान करता है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एवं शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा ने एक बार फिर दिखाया है कि वे एक वैश्विक राजनेता और सर्वोत्कृष्ट ट्रेंड सेटर क्यों हैं। एक छोटी-सी यात्रा में वह कई क्षेत्रों को कवर करने में सफल रहे हैं, जिससे भारत की प्रगति यात्रा को मजबूती मिलेगी।

भारतीय होने के नाते हमें यह देखकर बहुत गर्व महसूस होता है जब हमारे प्रधानमंत्री का अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन द्वारा अपने निजी आवास और स्कूल में विशेष स्वागत किया जाता है। निवेश आकर्षित करने के प्रधानमंत्री के प्रयासों से स्वाभाविक रूप से हमारे राज्य को लाभ होगा।

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा ने प्रधानमंत्री को वैश्विक नेता और मां भारती का प्रिय पुत्र बताया। जीतनराम मांझी ने कहा कि मोदीजी के संयुक्त राष्ट्र के भविष्य के शिखर सम्मेलन के संबोधन को दुनिया याद रखेगी। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के दौरान मोदीजी के प्रति दुनिया के प्यार को देखकर हर भारतीय खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

## तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 की शुरूआत, दो महीने तक चलेगा अभियान

नई दिल्ली, 24 सितंबर (हि.स.)। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने मंगलवार को लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में आयोजित एक हाइब्रिड



कार्यक्रम में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 के दूसरे संस्करण का शुभारंभ किया।

यह अभियान दो महीने तक चलेगा। इस मौके पर राज्य मंत्री ने देश भर के चिकित्सा संस्थानों में तंबाकू निषेद केंद्रों का भी उद्घाटन किया। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं के स्वास्थ्य और कल्याण को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों से बचाना है।

इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रतापराव जाधव ने कहा कि देश में हर साल लगभग 13 लाख लोग तंबाकू के कारण अपनी जान गंवा देते हैं।

उन्होंने कहा कि तंबाकू युवाओं के बीच एक फैशन स्टेटमेंट बन गया है लेकिन इससे कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी हो सकती हैं।

युवाओं को तम्बाकू के सेवन से अधिक अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित करते हुए जाधव ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य आंतरिक रूप से स्वयं को संतुष्टि देता है। तभी वो अपने परिवार और समाज के विकास में भागीदारी निभा सकता है।

उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे तंबाकू के सेवन और इसकी लत से दूर रहें।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष के 60-दिवसीय अभियान में पांच प्रमुख क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है, जिसमें तम्बाकू के खतरों के बारे में सार्वजनिक जागरुकता बढ़ाना, स्कूलों और कॉलेजों को तंबाकू से मुक्त रखने के लिए दिशा निदेर्शों के अनुपालन में सुधार करना, तंबाकू तक युवाओं की पहुंच को सीमित करना, सीओटीपीए 2003 और इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम (पीईसीए) 2019 के प्रवर्तन को मजबूत करना, तंबाकू-मुक्त गांवों को बढ़ावा देना और डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हुए सोशल मीडिया पहुंच को बढ़ावा देना शामिल है।

इस अवसर पर प्रतिभागियों ने तंबाकू मुक्त रहने के लिए 'तंबाकू को ना कहें' प्रतिज्ञा ली। इसके बाद छात्रों और मशहूर हस्तियों के साथ एक फोटो सत्र आयोजित किया गया।

अभिनेता अपार शक्ति खुराना, ओलंपिक मेडल विजेता मनु भाकर, नवदीप सिंह, अंकित बैयानपुरिया, गौरव चौधरी और जान्हवी सिंह ने सभा को संबोधित किया और व्यावहारिक विचार साझा किए।

## स्कूलों में बच्चियों के यौन शोषण की घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा- केंद्र सरकार की गाइडलाइंस लागू करें सभी राज्य

नई दिल्ली, 24 सितंबर (हि.स.)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को महाराष्ट्र के बदलापुर के स्कूल में बच्चियों के साथ दुष्कर्म के मामले का हवाला देते हुए केन्द्र सरकार के दिशा-निर्देश को सभी राज्यों में लागू करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने केन्द्र के दिशा-निर्देश की कॉपी सभी राज्यों के चीफ सेक्रेटरी को भेजने का निर्देश दिया है। जस्टिस बीवी नागरत्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग को निर्देश दिया कि वो दिशा-निर्देश को लागू किए जाने को लेकर राज्यों की मॉनिटरिंग करें और राज्य सरकारें स्टेट्स रिपोर्ट राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग को सौंपे।



दरअसल, एनजीओ बचपन बचाओ आंदोलन ने सुप्रीम कोर्ट से देश भर के शिक्षण संस्थानों में बच्चियों की सुरक्षा को लेकर मानव संसाधन विकास मंत्रालय और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की ओर से 2019 में बनाए गए दिशा-निर्देश को लागू करने की मांग उठाई है। बचपन बचाओ आंदोलन की तरफ से पेश वकील एचएस फुल्का ने कहा था कि केवल पांच राज्यों ने बनाए गए दिशा-निदेर्शों को लागू किया है जबकि बच्चों के यौन शोषण जैसी घटनाएं महाराष्ट्र और हरियाणा समेत कुछ राज्यों में फिर सामने आई हैं।

वकील फुल्का ने कहा था कि इसको देखते हुए जिन राज्यों में दिशा-निदेर्शों का पालन नहीं किया गया है, उन राज्यों को निर्देश देने के लिए सुप्रीम कोर्ट जल्द सुनवाई करे।

## एबीवीपी उम्मीदवारों ने छात्रों से किया संवाद, डूसू चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान का आह्वान

नई दिल्ली, 24 सितंबर (हि.स.)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने दिल्ली विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों से डूसू चुनावों में शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की है। एबीवीपी डूसू पैनल से अध्यक्ष पद के




उम्मीदवार ऋषभ चौधरी, उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार भानु प्रताप सिंह, सचिव पद की प्रत्याशी मित्रविंदा कर्णवाल और संयुक्त-सचिव प्रत्याशी अमन कपासिया ने मंगलवार को चुनाव प्रचार के दूसरे दिन दिल्ली विश्वविद्यालय के सभी विभागों और कॉलेजों में संपर्क के दौरान उन्हें डीयू में छात्रावास निर्माण, मेट्रो पास, नए हॉस्टल के निर्माण आदि मुद्दों से अवगत कराया व शत प्रतिशत मतदान करने की अपील छात्रों से की है।

डूसू अध्यक्ष पद प्रत्याशी ऋषभ चौधरी और डूसू सचिव प्रत्याशी मित्रविंदा कर्णवाल ने नार्थ कैंपस कॉलेज के तेग बहादुर खालसा कॉलेज, श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, रामजस कॉलेज, किरोड़ीमल कॉलेज, हंसराज कॉलेज, हिंदू कॉलेज, आदि कॉलेजों में प्रचार किया और डूसू उपाध्यक्ष पद प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह और डूसू संयुक्त सचिव प्रत्याशी अमन कपासिया ने साउथ कैंपस के कॉलेजों श्री वेंकटेश्वर कॉलेज, आत्माराम सनातन धर्म कॉलेज, मोतीलाल नेहरू कॉलेज, राम लाल आनंद कॉलेज, शिवाजी कॉलेज, राजधानी आदि कॉलेजों में एबीवीपी द्वारा उठाए गए मुद्दों को छात्रों के बीच रखते हुए मतदान करने की अपील की है।

एबीवीपी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा रही है। एबीवीपी की डीयू में सक्रियता वर्ष भर रहती है और पर्यावरणीय, खेल, सेवा कार्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर एबीवीपी की चलाई गई गतिविधियों के सकारात्मक प्रभाव के बारे में भी डूसू प्रत्याशी बता रहे हैं।एबीवीपी के पैनल से डूसू में अध्यक्ष पद प्रत्याशी ऋषभ चौधरी ने कहा कि, डीयू छात्रसंघ चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ सके, इसलिए कैंपेन के दौरान छात्रों से हम प्रत्याशी विशेष आग्रह कर रहे हैं। डीयू में सकारात्मक परिवर्तन के लिए एबीवीपी पैनल प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय में बुनियादी सुविधाओं के विकास के मुद्दों को एबीवीपी प्रमुखता से उठा रही है, विद्यार्थियों का हमें व्यापक सहयोग तथा सकारात्मक फीडबैक मिल रहा है।

इसी क्रम में एबीवीपी के पैनल से डूसू में सचिव पद प्रत्याशी मित्रविंदा ने कहा कि एबीवीपी के पैनल से वर्ष 2014 से लगातार अब तक छात्राओं की जीत हुई है। एबीवीपी का मैनीफेस्टो कैंपस में छात्राओं की सुरक्षा, सैनेट्री वेंडिंग मशीन लगाने सहित छात्राओं से जुड़े विभिन्न मुद्दे प्रमुखता से शामिल हैं। डीयू के महिला कॉलेजों से एबीवीपी को अच्छा समर्थन मिल रहा है। एबीवीपी ने महिला सशक्तीकरण के लिए अच्छा काम किया है।

## अगले पांच सालों में 75,000 मेडिकल सीट बढ़ेंगी : जेपी नड्डा

नई दिल्ली, 24 सितंबर (हि.स.)। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को कहा कि चिकित्सा पेशेवरों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अगले पांच सालों में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग(एनएमसी) 75,000 मेडिकल सीट को जोड़ेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह लक्ष्य निर्धारित किया है। आज राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के चौथे वर्षगांठ समारोह को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि पिछले चार वर्षों के दौरान 25,000 यूजी और पीजी सीटें जोड़ी गईं।

एनएमसी ने एक साल पहले देश में 1,00,000 एमबीबीएस सीटों के अपने लक्ष्य को हासिल कर लिया।

नड्डा ने एनएमसी को देश में चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और वृद्धि के अपने प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने राष्ट्रीय चिकित्सा रजिस्टर (एनएमआर) की शुरूआत पर भी प्रकाश डालते हुए इसे "सभी एलोपैथिक डॉक्टरों के लिए एक गतिशील डेटाबेस कहा, जिसमें पहले ही लगभग 20,000 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य की सेवा की दिशा में हाल के प्रयास, विशेष रूप से परिवार गोद लेने का कार्यक्रम, एमबीबीएस छात्रों को अधिक मानवीय और कुशल चिकित्सक बनने के लिए तैयार करेगा। उन्होंने निवारक स्वास्थ्य देखभाल और कल्याण के लिए मानसिकता में बदलाव की ओर भी इशारा किया।

इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने चयनित 89 निबंधों की एक निबंध संकलन पुस्तक झ'मेकिंग ऑफ ए फैमिली फिजिशियन: रीचिंग द रूट्स', चयनित 67 कोलाज की एक कोलाज पुस्तक- 'आर्ट ऑफ मेकिंग ऑफ ए फैमिली फिजिशियन: रीचिंग द रूट्स' और गांव के आउटरीच के माध्यम से परिवार गोद लेने के कार्यक्रम के तहत कॉलेजों द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविरों पर प्रथम सर्वेक्षण रिपोर्ट जारी की।

## पदभार ग्रहण करने के बाद मुख्यमंत्री ने कैबिनेट मंत्रियों साथ की बैठक

नई दिल्ली, 24 सितंबर (हि.स.)। मुख्यमंत्री आतिशी ने पदभार ग्रहण करने के बाद मंगलवार को कैबिनेट मंत्रियों व दिल्ली सरकार के सभी विभागाध्यक्षों साथ सरकार के



कामकाज को लेकर बैठक की। बैठक में कैबिनेट मंत्री गोपाल राय, कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज, इमरान हुसैन और मुकेश अहलावत शामिल रहे। साथ ही दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेंद्र सहित सरकार के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली सरकार और दिल्ली में तैनात अफसरों की पूरी जबाबदेही दिल्ली के लोगों के प्रति है। दिल्ली के लोगों द्वारा दिए टैक्स से ही हम सभी के घर चलते हैं। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी है कि हम उन्हें बेहतर से बेहतर सुविधाएं देने के लिए काम करें और लोगों के प्रति अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी के साथ निभाएं।

उन्होंने कहा कि सरकार के रूप में हमारी जिम्मेदारी है कि पंक्ति में खड़े आखिरी व्यक्ति तक सरकारी सुविधाएं पहुँचे और सरकार उसकी उम्मीदों पर खरा उतरे। ऐसे में दिल्ली सरकार और अफसर मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि दिल्ली में हर जरूरतमंद तक सरकारी सुविधाएं पहुंचें और उन्हें एक सम्मानजनक जीवन मिल सके। आतिशी ने अधिकारियों ने कहा, "अफसरों के काम से दिल्ली के लोगों की जिंदगी पर बड़ा प्रभाव पड़ता है, ऐसे में दिल्ली के सभी अफसरों की ये जिम्मेदारी है कि वो दिल्ली के लोगों के बेहतरी के लिए काम करें। सरकार के रूप में हम अधिकारियों को पूरा सहयोग देंगे।"

## जैविक खेती के प्रति किसानों को करें प्रोत्साहित : राज्यपाल

बलिया, 24 सितंबर (हि.स.)। बलिया के जेएनसीयू में छठवें दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करने के बाद राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रगतिशील किसानों के प्रतिनिधिमण्डल के साथ जैविक उत्पादन पर चर्चा की। उन्होंने जैविक खेती के प्रति जिले के किसानों को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया।

राज्यपाल ने कहा कि कृषि क्षेत्र में पदमश्री प्राप्त करने वाले तथा अन्य शोधकों से संपर्क कर जननायक चंद्रशेखर यूनिवर्सिटी और बलिया कृषि क्षेत्र में कैसे आगे बढ़ सकता है, इस पर भी ध्यान दिया जाय। बाद में उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में किसानों के उत्पादों का अवलोकन किया तथा उनके प्रयासों की सराहना की। जिला प्रशासन को किसानों के उत्पादों के विक्रय को सुगम बनाने के लिए यथासंभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। किसानों का प्रतिनिधित्व करते हुए बांसडीह बायो एनर्जी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के निदेशक जयप्रकाश पाण्डेय व निदेशक अविनाश पाण्डेय ने किसानों द्वारा किए जाने वाले प्रयासों की जानकारी राज्यपाल को दी। प्रतिनिधि मण्डल में अमरनाथ पाण्डेय, दुष्यंत सिंह, अरविन्द सिंह, प्रखर प्रशांत पाण्डेय, प्रिंस सिंह, हरेराम व बबलू सिंह ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया।

## सम्पादकीय

# शतरंज के राजा-रानी

शतरंज का जिक्र होते ही महान कथाकार, उपन्यासकार प्रेमचंद की याद ताजा होने लगती है। उनकी प्रख्यात कहानियों में ह्यशतरंज के खिलाड़ीह्ल भी एक थी, जिस पर फिल्म भी बनाई गई। वह शतरंज वक्तकटी का जरिया थी, लेकिन आज यह पेशेवर खेल है, जो दुनिया भर में खेला जाता है। भारत ने इसी खेल के ओलिंपियाड में नया और स्वर्णिम इतिहास रच दिया। दोहरा स्वर्णिम कीर्तिमान भी स्थापित किया। 1927 में ह्यचेस ओलिंपियाडह्ल का अधिकृत और वैश्विक सफरनामा शुरू हुआ था। अब 2024 में भारत की पुरुष और महिला टीमों ने सर्वश्रेष्ठ रहते हुए, पहली बार, दोहरे स्वर्ण पदक हासिल किए हैं। इन मुकाबलों में रूस, चीन, अमरीका, उजबेकिस्तान सरीखे चैम्पियन देश पिछड़ गए और भारतीय खिलाडिय़ों ने सुनहरी इबारत लिख दी। कुल 195 देशों की 197 टीमों और महिलाओं में 181 देशों की टीमों में भारत ह्यसर्वश्रेष्ठह्ल रहा। वाह! कमाल है!! इस अभूतपूर्व खेल उपलब्धि पर पूरे देश को गर्व है। युवा खिलाडिय़ों ने खेल के साथ-साथ देश का सम्मान भी आसमान तक पहुंचा दिया। अकल्पनीय, अतुलनीय तो यह रहा कि पुरुष टीम और उसके चैम्पियन खिलाड़ी डी. गुकेश ह्यअजेयह्ल रहे। उन्होंने अधिकतर गेम जीते और एक-दो गेम ड्रा खेलने पड़े। पुरुषों में गुकेश और अर्जुन एरिगैसी, महिलाओं में दिव्या देशमुख और वंतिका अग्रवाल ने ह्यव्यक्तिगत स्वर्ण पदकह्ल भी हासिल किए। भारत में पेशेवर शतरंज खेलना अपेक्षाकृत लोकप्रिय नहीं है, लेकिन हमारे खिलाड़ी 2014, 2022 में चेस ओलिंपियाड के कांस्य पदक विजेता बनते रहे हैं। चुनौती के स्पष्ट संकेत थे कि भारत एक दिन ह्यसर्वोच्चह्ल भी हो सकता है। हालांकि तमिलनाडु के विश्वनाथन आनंद पांच बार शतरंज के ह्यविश्व चैम्पियनह्ल बने और खेल के महानतम खिलाडिय़ों की जमात में शामिल हुए। उनकी विरासत आज गुकेश, अर्जुन, प्रज्ञाननंदा, विदित गुजराती सरीखे युवा खिलाडिय़ों में झलकती है। महिलाओं में भी शतरंज की एक सशक्त, विजेता पीढ़ी दिव्या, हरिका, वैशाली, वंतिका, तानिया सचदेव और दिग्गज खिलाड़ी कोनेरू हम्पी आदि के रूप में सामने है। इन तमाम खिलाडिय़ों को वर्ल्ड रैंकिंग हासिल है। गुकेश विश्व चैम्पियनशिप के ह्यचैलेंजरह्ल हैं। वह नवम्बर, 2024 में सिंगापुर में मौजूदा विश्व चैम्पियन डिंग लिरेन से मुकाबला करेंगे। गुकेश अंतरराष्ट्रीय मुकाबले जीत कर ऐसी स्थिति में आए हैं कि वह विश्व चैम्पियन को चुनौती दे पा रहे हैं।

कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि मात्र 18 वर्षीय किशोर गुकेश अगला विश्व चैम्पियन बनकर दुनिया के सामने आए। हैरानी तो यह होती है कि औसत खिलाड़ी की उम्र 18-22 साल है और वे शतरंज के ह्यराजा-रानीह्ल बनकर उभरे हैं। शायद देश के अधिकांश लोगों ने गुकेश, अर्जुन, प्रज्ञान, दिव्या, वंतिका, वैशाली सरीखे शतरंज के ह्यग्रैंडमास्टर्सह्ल के नाम न सुने हों! शतरंज क्रिकेट और अन्य खेलों की तरह लोकप्रिय नहीं है, लेकिन वे अंतरराष्ट्रीय स्तर के चैम्पियन खिलाड़ी हैं। अर्जुन और गुकेश क्रमशः वर्ल्ड नंबर 4 और 7 हैं। इस स्वर्णिम सफलता के बाद उनकी रैंकिंग बेहतर हो सकती है। दोनों के खेल में कई समानताएं हैं। वे घोर आत्म-विश्वासी और फोकस वाले खिलाड़ी हैं। वे आक्रामक खिलाड़ी भी हैं, लिहाजा खेल के दौरान जोखिम उठाने से भी नहीं घबराते। उनकी एकाग्रता, दिमागी गहराई और गणना, कुशाग्रता और शह-मात की चपलता बिसात के मोहरों पर चिपकी रहती है। उन्हें चिंता नहीं होती कि सामने कौनसा प्रतिद्वंद्वी मौजूद है। वे बस बिसात पर लड़ाई लडऩे की सोचते हैं। इस बार जब तमाम खिलाड़ी शह-मात और ह्यराजा-रानीह्ल का मुकाबला खेल रहे थे, तो महानतम आनंद वहीं मौजूद थे और अपनी विरासत का मूल्यांकन कर रहे थे। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और कई बार विश्व चैम्पियन रहे मैगनस कार्लसन का अर्जुन एरिगैसी के बारे में आकलन है कि शतरंज की बिसात पर वह ह्यपागल आदमीह्ल की तरह है। महिलाओं में दिव्या देशमुख ने ह्यव्यक्तिगत स्वर्ण पदकह्ल भी जीता है। बहरहाल हंगरी के बुडापेस्ट में जो ओलिंपियाड आयोजित किया गया और भारत ने स्वर्णिम सफलताएं अर्जित कीं, उनके बाद अब सरकार को शतरंज पर भी गंभीरता से सोचना चाहिए।

# एकात्म मानव दर्शन-एक दिव्य सिद्धांत

-प्रवीण गुगनानी

महान दार्शनिक प्लेटो के शिष्य व सिकंदर के गुरु अरस्तु ने कहा था - "विषमता का सबसे बुरा रूप है विषम चीजों को एक समान बनाने का प्रयत्न करना।" एकात्म मानववाद, विषमता को इससे बहुत आगे के स्तर पर जाकर हमें समझाता है।

भारत को एक स्टेट या कंट्री से बढ़कर एक राष्ट्र के रूप में और इसके निवासियों को नागरिक नहीं अपितु परिवार सदस्य के रूप में मानने के विस्तृत दृष्टिकोण का ही अर्थ है एकात्म मानववाद। मानवीयता के उत्कर्ष की स्थापना यदि किसी राजनैतिक सिद्धांत में हो पाई है तो वह है पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय का एकात्म मानववाद का सिद्धांत! एकात्म मानववाद को दीनदयालजी सैद्धांतिक स्वरूप में नहीं बल्कि आस्था के स्वरूप में लेते थे, यह कोई राजनैतिक सिद्धांत नहीं अपितु एक आत्मिक भाव है। अपने एकात्म मानववाद के अर्थों को विस्तारित करते हुए ही उन्होंने कहा था कि झ ह्लहमारी आत्मा ने अंग्रेजी राज्य के प्रति विद्रोह केवल इसलिए नहीं किया कि दिल्ली में बैठकर राज करने वाले विदेशी थे, अपितु इसलिए भी कि हमारे दिन-प्रतिदिन के जीवन में, हमारे जीवन की गति में विदेशी पद्धतियां और रीति-रिवाज, विदेशी दृष्टिकोण और आदर्श अड़ंगा लगा रहे थे, हमारे संपूर्ण वातावरण को दूषित कर रहे थे, हमारे लिए सांस लेना भी दूभर हो गया था।ह्यह्य

आज यदि दिल्ली का शासनकर्ता अंग्रेज के स्थान पर हममें से ही एक, हमारे ही रक्त और डीएनए वाला हो गया है तो हमको इसका हर्ष है, संतोष है, किन्तु हम चाहते हैं कि उसकी भावनाएं और कामनाएं भी हमारी ही भावनाएं और कामनाएं हों। जिस राष्ट्र की मिट्टी से उसका शरीर बना है, उसके प्रत्येक रजकण का इतिहास उस राष्ट्र के प्रमुख के प्रत्येक शब्द से प्रतिध्वनित होना चाहिए।

ॐ के पश्चात ब्रह्माण्ड के सर्वाधिक सूक्ष्म बोधवाक्य ह्लजियो और जीने दोह्व को ह्लजीने दो और जियोह्व के क्रम में रखनें के देवत्व धारी आचरण का आग्रह लिए वे भारतीय राजनीति विज्ञान के उत्कर्ष का एक नया क्रम स्थापित कर गए। व्यक्ति की आत्मा को सर्वोपरि स्थान पर रखनें वाले उनकें सिद्धांत में आत्मबोध करने वाले व्यक्ति को समाज का शीर्ष माना गया। आत्मबोध के भाव से उत्कर्ष करता हुआ व्यक्ति, सर्वे भवन्तु सुखिनः के भाव से जब अपनी रचनाधर्मिता और उत्पादन क्षमता का पूर्ण उपयोग करे, तब एकात्म मानववाद का उदय होता है, ऐसा वे मानते थे।

देश और नागरिकता या नेशन और नेशनलिटी जैसे शब्दों के सन्दर्भ में यहाँ यह तथ्य पुनः मुखरित होता है कि उपरोक्त वर्णित व्यक्ति देश का नागरिक नहीं बल्कि राष्ट्रपुत्र होता है। पाश्चात्य के भौतिकता वादी विचार जब अपनें चरम की ओर बढ़नें की दिशा में था तब पंडित जी ने इस प्रकार के विचार को सामने रखकर वस्तुतः पश्चिम से वैचारिक युद्ध का शंखनाद किया था। उस दौर में द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद वैश्विक स्तर पर विचारों और अभिव्यंजनाओं की स्थापना, मंडन-खंडन और भंजन की परस्पर होड़ चल रही थी। विश्व मार्क्सवाद, फासीवाद, अति उत्पादकता का दौर देख चुका था और मंदी के ग्रहण को भी भोग चुका था।

वैश्विक सिद्धांतों और विचारों में अभिजात्य और नव अभिजात्य की सीमा रेखा आकार ले चुकी थी तब सम्पूर्ण विश्व में भारत की ओर से किसी राजनैतिक सिद्धांत के जन्म की बात को भी किंचित असंभव और इससे भी बढ़कर हास्यास्पद ही माना जाता था।

अंग्रेज शासन काल और अंग्रेजोत्तर काल में भी हम वैश्विक मंचों पर हेय दृष्टि से और विचारहीन दृष्टि से देखे और माने जाते थे। निश्चित तौर पर हमारा स्वातंत्र्योत्तर शासक वर्ग या राजनैतिक नेतृत्व जिस प्रकार पाश्चात्य शैलियों, पद्धतियों, नीतियों में जिस प्रकार डूबा-फंसा-मोहित रहा उससे यह हास्य और हेय भाव बड़ा आकार लेता चला गया था।

तब उस दौर में दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानव वाद के सिद्धांत की गौरवपूर्ण रचना और उद्घोषणा की थी। 1940 और 1950 के दशकों में विश्व में मार्क्सवाद से प्रभावित और लेनिन के साम्राज्यवाद से जनित ह्लनिर्भरता का सिद्धांतह्व एक राजनैतिक शैली हो चला था।

निर्भरता का सिद्धांत यह है कि संसाधन, निर्धन या अविकसित देशों से विकसित देशों की ओर प्रवाहित होते हैं और यह प्रवाह निर्धन देशों को और अधिक निर्धन करते हुए धनवान देशों को और अधिक धनवान बनाता है। इस सिद्धांत से यह तथ्य जन्म ले चुका था कि राजनीति में अर्थनीति का व्यापक समावेश होना ही चाहिए।

संभवतः पंडित दीनदयाल जी ने इस सिद्धांत के उस मर्म को समझा जिसे पश्चिमी जगत कभी समझ नहीं पाया। पंडित जी ने निर्भरता के इस कोरे शब्दों वाले सिद्धांत में मानववाद नामक आत्मा की स्थापना की और इसमें से भौतिकतावाद के जिन्न को बाहर ला फेंका ! राजनीति को अर्थनीति के साथ वैदिकता का पुट देकर गूंथ देना और इसके समन्वय से एक नवसमाज के नवांकुर को रोपना और सींचना यही उनका एकात्म मानववाद था। भौतिकता से दूर किन्तु मानव के श्रेष्ठतम का उपयोग और उससे सर्वाधिक उत्पादन, फिर उत्पादन का राष्ट्रहित में उपयोग और राष्ट्रहित से अन्त्योदय का ईश्वरीय कार्य यही एकात्म मानववाद का चरम हितकारी रूप है। इस परिप्रेक्ष्य का अग्रिम रूप देखें तो स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है कि ह्लअर्थ का अभाव और अर्थ का प्रभावह्व के माध्यम से वे विश्व की राजनीति में वैदिकता के तत्व का प्रवेश करा देना चाहते थे। यद्यपि उनकें असमय निधन से हमारे देश की व विश्व की राजनीति उस समय उनके इस प्रयोग के कार्यरूप को देखनें से वंचित रह गई तथापि सिद्धांत रूप में तो वे उसे स्थापित कर ही गए थे।

उस दौर में विश्व की सभी सभ्यताएं और राजनैतिक प्रतिष्ठान धन की अधिकता और धन की कमी से उत्पन्न होनें वाली समस्याओं से संघर्ष करती जूझ रही थी। तब उन्होंने भारतीय दर्शन आधारित व्यवस्थाओं के आधार पर धन के अर्जन और उसके वितरण की व्यवस्थाओं का परिचय शेष विश्व के सम्मुख रखा। उस दौर में पूर्वाग्रही और दुराग्रही राजनीति के कारण उनकी इस आर्थिक स्वातंत्र्य की अवधारणा को देखा पढ़ा नहीं गया किन्तु (विवश होकर ही सही) आर्थिक विवेक के उनके सिद्धांत को भारतीय अर्थतंत्र में यदा कदा पढ़ने-सुनने और व्यवहार में लाने के प्रयास भी होते रहे। यह अलग बात है कि इन प्रयासों में पंडितजी के नाम से परहेज करने का पूर्वाग्रह यथावत चलता रहा।

नागरिकता से परे होकर ह्लराष्ट्र एक परिवारह्व के भाव को आत्मासात करना और तब परमात्मा की ओर आशा से देखना यह उनकी एकात्मता का शब्दार्थ है। इस रूप में हम राष्ट्र का निर्माण ही नहीं करें अपितु उसे परम वैभव की ओर ले जाएँ यह भाव उनके सिद्धांत के एक शब्द ह्लएकात्मताह्व में प्राण स्थापित करता है। हम इस चराचर पृथ्वी पर आधारित रहें, इसका शोषण नहीं बल्कि पुत्रभाव से उपयोग करें। इससे प्राप्त संसाधनों को मानवीय आधार पर वितरण की व्यवस्थाओं को समर्पित करते चलें यह अन्त्योदय का प्रारम्भ है। अन्त्योदय का चरम वह है जिसमें व्यक्ति व्यक्ति से परस्पर जुड़ा हो, निर्भर भी हो तो उसमें निर्भरता का भाव न तो कभी हेय दृष्टि से देखा जाए, और न ही कभी देव दृष्टि से! इस प्रकार के अन्त्योदय का भाव प. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सह उत्पाद के रूप में जन्मा जिसे सह उत्पाद के स्थान पर पुण्य प्रसाद कहना अधिक उपयुक्त होगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय संस्कृति के समग्र रूप को मानव और राज्य में स्थापित देखना चाहते थे। उन्होंने भारतीय संस्कृति की समग्रता और सार्वभौमिकता के तत्वों को पहचान कर आधुनिक सन्दर्भों में इसके नूतन रूपकों, प्रतीकों, शिल्पों की कल्पना की थी।

उनकें विषय में पढ़ते अध्ययन करते समय मेरी अंतर्दृष्टि में वंचित भाव जागृत होता है और ऐसा लगता है कि कुछ था जो हमें पंडित दीनदयाल जी से और मिलना था किंतु मिल न पाया।

मेरे मानस में आता है कि उनके तत्व ज्ञान में कुछ ऐसा अभिनव प्रयोग आ चुका था जिसे वे शब्द रूप में या कृति रूप में प्रस्तुत नहीं कर पाए और काल के शिकार हो गए। उनके मष्तिष्क में या वैचारिक गर्भ में कोई अभिनव और नूतन सिद्धांत रूपी शिशु था जो उनके असमय निधन से अजन्मा और अव्यक्त ही रह गया है। पुण्य स्मरण !!!

(लेखक, विदेश मंत्रालय में सलाहकार (राजभाषा) हैं )

## आज का राशिफल

मेष : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-5-6-9

वृष : अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

मिथुन : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान की कोशिश करेगा। शुभांक-4-7-9

कर्क : लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-1-3-5

सिंह : दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। शुभांक-2-6-8

कन्या : विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वतरू ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करे। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-3-7-8

तुला : शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभांक-3-5-7

वृश्चिक : आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-5-6-8

धनु : व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

मकर : समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-7

कुंभ : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-3-5-8

मीन : जीवनसाथी अथवा दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-5-7

# अंत्योदय से समृद्ध होगा भारत

-डॉ. सौरभ मालवीय

देश की समृद्धि के लिए अंत्योदय अत्यंत आवश्यक है। अंत्योदय का अर्थ है- समाज के अंतिम व्यक्ति का उदय। दूसरे शब्दों में- समाज के सबसे निचले स्तर के लोगों का विकास करना ही अंत्योदय है। अंत्योदय के बिना देश उन्नति नहीं कर सकता, क्योंकि जब तक देश के अति निर्धन वर्ग का उत्थान नहीं होता, तब तक वह मुख्यधारा में सम्मिलित नहीं हो सकता। ऐसी स्थिति में देश भी समृद्ध नहीं हो पाएगा। इसलिए अंत्योदय आवश्यक है।



जनसंघ के संस्थापक दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय का नारा दिया था। अंत्योदय उनका सपना था। वे कहते थे कि आर्थिक योजनाओं तथा आर्थिक प्रगति का माप समाज के ऊपर की सीढ़ी पर पहुंचे हुए व्यक्ति नहीं, बल्कि सबसे नीचे के स्तर पर विद्यमान व्यक्ति से होगा। अंत्योदय के माध्यम से केवल भारत ही नहीं, अपितु समग्र विश्व का विकास हो सकता है। इसके सुनियोजित योजना एवं उत्तरदायित्व आवश्यक है। विश्व के बहुत से विकसित राष्ट्र हालांकि किसी भी योजना के बिना ही वर्तमान आर्थिक विकास की दर प्राप्त करने में सफल रहे हैं, जिससे कुछ लोगों को यह अनुभव हो रहा है कि योजनाएं न केवल अनावश्यक हैं, अपितु निहायत अवांछनीय भी हैं। इसके बावजूद आम सहमति इस बात पर भी है कि यदि अविकसित राष्ट्र थोड़े समय में वही हासिल करना चाहते हैं, जो विकसित देशों ने लगभग एक शताब्दी में प्राप्त किया है तो विकास को अपनी प्राकृतिक गति पर नहीं छोड़ा जा सकता। विकास की प्रक्रिया शुरू करने के लिए भी एक प्रयास करना पड़ेगा और यह प्रयास नियोजित ढंग से होना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 25 सितंबर, 2014 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 98वीं जयंती के अवसर पर अंत्योदय दिवस की घोषणा की थी, तभी से यह दिवस मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का प्रकाश पहुंचाना है, ताकि वे भी प्रगति करके समाज की मुख्यधारा में सम्मिलित हो सकें। आर्थिक उन्नति के साथ-साथ यह दिवस समाज में व्याप्त असमानताओं के उन्मूलन के लिए कार्य करने की प्रोत्साहित करता है। इसके अतिरिक्त यह दिवस विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देता है, जिससे निर्धनों एवं वंचित वर्गों के लोगों को उनके कल्याण के लिए संचालित की जा रही योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो सके तथा वे इसका लाभ उठा सकें। सरकार इन वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है।

दीनदयाल अंत्योदय योजना के कई घटक हैं, जिन्हें अलग-अलग समय पर प्रारंभ किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने 25 सितंबर, 2014 को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना भी प्रारंभ की। इसका उद्देश्य निर्धन ग्रामीण युवाओं को नौकरियों में नियमित रूप से न्यूनतम पारिश्रमिक के समान या उससे अधिक मासिक पारिश्रमिक प्रदान करना है। यह योजना ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के लिए की क्रियान्वित की जा रही है। इससे पूर्व 24 सितंबर, 2013 को राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन प्रारंभ किया गया था। इसके अंतर्गत शहरी निर्धनों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने एवं उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने पर ध्यान दिया जाता है। इससे पूर्व 25 सितंबर, 2004 को दीनदयाल अंत्योदय उपचार योजना प्रारंभ की गई थी। इस योजना के अंतर्गत निर्धन रोगियों को एंबुलेंस की सुविधा प्रदान की जाती है।

उल्लेखनीय है कि सरकार अंत्योदय अन्न योजना संचालित कर रही है। यह योजना 25 दिसंबर 2000 को तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा प्रारंभ की गई थी। इसे केंद्रीय खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्रालय द्वारा लागू किया गया था। इसका उद्देश्य सार्वजनिक वितरण परमाली द्वारा देश के सबसे निर्धन लोगों को रियायती दरों पर भोजन उपलब्ध करवाना है। इस योजना के अंतर्गत निर्धन परिवारों को 35 किलो राशन प्रदान किया जाता है। इसमें 20 किलो गेहूं और 15 किलो चावल सम्मिलित होता है। इसके अंतर्गत गेहूं तीन रुपये प्रति किलोग्राम और चावल दो रुपये प्रति किलोग्राम की दर से दिया जाता है। इसे सबसे पहले राजस्थान में लागू किया गया था। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि कच्ची नौकरियों में निर्धन परिवारों के युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इसमें वे परिवार सम्मिलित हैं, जिनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है। कोरोना काल से यह राशन निःशुल्क कर दिया गया।

भारतीय जनता पार्टी की केंद्र एवं राज्य सरकारें अंत्योदय के सिद्धांत को लेकर शासन कर रही हैं। भाजपा के अनुसार एकात्म मानववाद और अंत्योदय का दर्शन पार्टी के मार्गदर्शक सिद्धांतों में से एक है। इस सिद्धांत को हम सबका साथ सबका विकास के साथ मिला हुआ देख सकते हैं जो गरीब, ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए सरकार द्वारा तय की गई नीतियों में भी नजर आता है। दीनदयाल जी और उनकी आर्थिक नीतियों ने हमेशा गरीबों की भलाई पर जोर देने की बात की है। उनके आर्थिक विचार में पंक्ति के अंतिम पड़ाव पर खड़ा व्यक्ति शामिल रहा है। उन्होंने कहा था कि ह्यआर्थिक नीति निर्धारण और प्रगति की सफलता का पैमाना यह नहीं है कि समाज के सबसे शीर्ष पर मौजूद व्यक्ति को उससे कितना फायदा मिल रहा है बल्कि यह है कि समाज पर जो लोग सबसे नीचे हैं उन्हें उन नीतियों का कितना फायदा मिला है। अंत्योदय का मतलब समाज के सबसे निचले स्तर पर मौजूद व्यक्ति का कल्याण है। उन्होंने यह भी कहा था कि यह हमारी सोच और हमारे सिद्धांत हैं कि ये गरीब और अशिक्षित लोग हमारे ईश्वर हैं, यही हमारा सामाजिक और मानवीय धर्म है।

उनके इसी अंत्योदय के विचार से प्रेरित होकर केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मौजूद एनडीए सरकार और तमाम प्रदेशों में शासन करने वाली भाजपा सरकारें अंत्योदय के रास्ते पर बढ़ने की ओर अग्रसर हैं तथा गरीब, ग्रामीण एवं किसानों के लिए और समाज के सबसे शोषित वर्ग से आने वाले युवाओं और महिलाओं के कल्याण की ओर प्रतिबद्ध हैं। गरीब को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करते हुए औसत जीवन स्तर में बढ़ोतरी हुई है। मुद्रा, जनधन, उज्जवला, स्वच्छता मिशन, शौचालयों का निर्माण, दीनदयाल ग्राम ज्योति योजना, आवास योजना, सस्ती दवाएं और इलाज, इन सभी योजनाओं पर कार्य को आगे बढ़ा दिया गया है। तकनीक के प्रयोग से कृषि में सुधार किया जा रहा है एवं किसानों की आय दुगनी करने के इरादे से सिंचाई तकनीकों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। केंद्रीय बजट की सहायता से गांवों में भी कई निवेश किए जा रहे हैं। दीनदयाल जी के विचारों से प्रेरित भाजपा सरकार देश के संसाधनों का उपयोग केवल देश की उन्नति के लिए करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए यह सरकार भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने, कालाधन रोकने और जनता की कमाई की लूट रोकने के लिए कड़े कदम उठा रही है। एक भारत-श्रेष्ठ भारत का रास्ता गरीबी दूर करके ही मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अंत्योदय व सेवा के संकल्प को पूर्ण कर विकसित भारत के निर्माण के लिए भाजपा प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी का कहना है कि मां भारती की सेवा में जीवनपर्यंत समर्पित रहे अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का व्यक्तित्व और कृतित्व देशवासियों के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत बना रहेगा। वास्तव में दीनदयाल अंत्योदय योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए स्वरोजगार के अवसरों में वृद्धि करती है। इसके अंतर्गत कृषि और गैर-कृषि दोनों प्रकार की आजीविकाओं में सहायता मिलती है। इससे महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सहायता मिलती है। महिला स्वयं सहायता समूहों को उनकी आजीविका बढ़ाने में सहायता मिलती है। इसके अंतर्गत महिलाओं को बैंकिंग संवाददाता सखियों के रूप में प्रशिक्षण दिया जाता है। (लेखक, लखनऊ विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर हैं।

## गाजियाबाद की पॉश कालोनी के गेट पर युवक का शव मिलने के मामले में नया मोड़, दोस्त ने ही मारी थी गोली

# -पुलिस ने दोस्त को लिया हिरासत में

गाजियाबाद, 24 सितंबर (हि.स.)। सिहानी गेट थाना क्षेत्र स्थित नेहरू नगर सेकंड के गेट पर मंगलवार को एक युवक का शव मिलने के मामले में नया मोड़ आ गया है। युवक ऋषभ की हत्या उसी के दोस्त ने की। अब पुलिस ने उसके एक दोस्त को हिरासत में ले लिया है और दो अन्य की तलाश जारी है।

ऋषभ को गोली मारी गई थी और खून बह रहा था। इस आशय की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की । प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा था। हालांकि, पूछताछ के दौरान परिजनों ने आत्महत्या की थ्योरी से इनकार करते हुए इसे हत्या करार दिया।

नंदग्राम क्षेत्र की एसीपी पूनम मिश्रा ने बताया कि आज सुबह नेहरू नगर सेकंड के गेट के सामने लोगों ने एक युवक का शव पड़ा देखा। लोगों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू की। युवक के हाथ पर ऋषभ लिखा हुआ टैटू बना हुआ था। पुलिस ने उसके पास से मिले दस्तावेजों से उसकी पहचान ऋषभ गुप्ता के रूप में की, जो पंचवटी कॉलोनी, गाजियाबाद का रहने वाला था। इस बारे में उसके परिजनों को सूचना दी गई। हालांकि घटना स्थल पर मृतक युवक के हाथ में एक तमंचा भी बरामद हुआ।

इस सम्बन्ध में परिजनों से पूछताछ की गयी तो परिजनों ने बताया कि मंगलवार को दुकान बंद रहती है, इसलिए सोमवार की रात को ऋषभ दुकान बंद करके कहीं टहलने के लिए निकले थे। ऋषभ ने पत्नी को फोन पर बताया था कि वह अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने जा रहे हैं। इस आधार पर जिन दोस्तों के नाम प्रकाश में आये, उसके मुताबिक वह पुलकित गोयल, अनुज शर्मा और मुकुल के साथ हरिद्वार के लिए निकले थे। मुकुल गोयल को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी तो उसने जो घटनाक्रम बताया, उसके मुताबिक ये चारों लोग हरिद्वार के लिए निकले थे। मेरठ से वापस होकर जब कार नेहरू नगर में रोकी तो अनुज ने ऋषभ को सर में गोली मार दी और तमंचा वहीं छोड़ दिया। उसके बाद सभी लोग घबरा गए और वहां से भाग गये। मुकुल को हिरासत में लेकर पुलकित और अनुज की तलाश की जा रही है। फिलहाल, हत्या की वजह पता नहीं चल पाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शराब पीकर हुड़दंग करने के आरोप में चार गिरफ्तार

हरदोई, 24 सितम्बर (हि.स.)। अतरौली थाना क्षेत्र में शराब पीकर हुड़दंग करने वाले चार हुड़दंगियों को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया।

प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि जलालपुर निवासी मदन, रुपेश, सरबजीत और खत्री निवासी संदीप को शराब पीकर हुड़दंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। कोतवाल ने बताया कि हुड़दंग पर पूरी तरह से अंकुश लगाने के लिए कार्ययोजना तैयार की है। अब खुले में शराब पीने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

# सीएम योगी का एलान, 10 अक्टूबर से पहले सड़कों को बनाएं गड्ढामुक्त

## -बजट की कोई कमी नहीं, अच्छे नियोजन पर दें ध्यान : मुख्यमंत्री

लखनऊ, 24 सितंबर (हि.स.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी दिनों में शारदीय नवरात्र, दशहरा तथा दीपावली आदि पर्व और त्योहारों के दृष्टिगत प्रदेश की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए जारी विशेष अभियान 10 अक्टूबर तक सम्पन्न करने के निर्देश दिए हैं।



मंगलवार को विभिन्न विभागों के साथ बैठक करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व व त्योहारों पर प्रदेश में आवागमन सामान्य की अपेक्षा अधिक होता है। बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक भी आते हैं। हर एक आदमी के लिए सड़क पर चलना सुखद अनुभव वाला हो, यह हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। गड्ढामुक्ति, सड़कों की मरम्मत का काम अच्छी गुणवत्ता के साथ होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने मंडी परिषद को निर्देश देते हुए कहा कि किसान सड़कों का सबसे बड़ा उपभोक्ता है। किसानों की सुविधा का खास ध्यान रखा जाए। एफडीआर पद्धति से सड़कें बनाई जाएं। इस पद्धति के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों, धन व समय की बचत होती है तथा कार्य की गुणवत्ता में सुधार होता है। उन्होंने कहा कि मंडी समिति के अंतर्गत आने वाली सभी सड़कों की मरम्मत एवं ड्रेनेज का कार्य निर्धारित समय में पूर्ण किया जाए। क्वालिटी का विशेष ध्यान रखा जाए। वहीं, एनएचएआई के अधिकारियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक हाईवे का निर्माण कार्य पूर्ण न हो जाए तब तक टोल टैक्स की वसूली न की जाए।

गड्ढा मुक्ति अभियान के लिए विभागीय कार्ययोजना से अवगत होते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सड़कों के लिए बजट का कोई अभाव नहीं है, आवश्यकता है कि सभी विभाग बेहतर नियोजन करें। उन्होंने सभी विभागों को यह निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सड़क बनाने वाली एजेंसी, ठेकेदार सड़क बनने के अगले 05 वर्ष तक उसके अनुरक्षण की जिम्मेदारी भी उठाएगा। इस बारे में नियम-शर्तें स्पष्ट रूप से उल्लिखित की जाएं। विभागीय मंत्री व अधिकारी फील्ड में रैंडम दौरा कर निर्माण परियोजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा करें। कार्यों के प्रति जवाबदेही भी तय की जाय। मुख्यमंत्री ने कार्य को मैनुअल के स्थान पर मैकेनाइज्ड किये जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के पास सड़क मरम्मत के लिए पर्याप्त इक्विपमेंट होने चाहिए। सड़कों के पैच ठीक करने की कार्रवाई ऑटो मोड पर की जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कों पर किए जाने वाले बेतरतीब कार्यों से दुर्घटना होने की संभावना बनती है। सड़कों पर सीवर लाइन तथा पाइपलाइन आदि डालने के बाद ठीक ढंग से मरम्मत की जानी चाहिए। सड़कों पर ऊंचे ब्रेकर से दुर्घटना होने की संभावना बनती है। अतः सड़कों पर टेबल टॉप ब्रेकर का निर्माण किया जाए।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि गड्ढामुक्ति और नवनिर्माण के अभियान की जियो टैगिंग कराई जाए। इसे पीएम गतिशक्ति पोर्टल से जोड़ा जाना चाहिए, साथ ही इसी तर्ज पर अपना पोर्टल भी विकसित किया जाना चाहिए ताकि कार्य की गुणवत्ता की अनवरत मॉनीटरिंग की जा सके। एक्सप्रेसवे की मरम्मत का कार्य भी आगे बढ़ाया जाए, जिससे पर्व व त्योहारों पर लोगों का आवागमन सुगम हो सके। एमपी तथा एमएलए निधि के अंतर्गत बनी सड़कों की मरम्मत के लिए कार्य योजना तैयार करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गन्ना विभाग द्वारा गन्ना समिति तथा विद्यालयों के भवनों की मरम्मत की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ग्राम सचिवालयों की अवधारणा को केंद्र सरकार ने मॉडल के रूप में स्वीकार किया है। ग्राम सचिवालयों की तर्ज पर गन्ना समिति के कार्यालयों का अपग्रेडेशन किया जाए। किसानों के लिए डिस्प्ले बोर्ड पर उपयोगी सूचनाएं प्रदर्शित की जाएं तथा किसानों की क्वेरीज का समाधान किया जाए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर मंडी समिति तथा औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सीएसआर पद्धति के माध्यम से पेयजल, टॉयलेट, कैंटीन आदि सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाए। इस कार्य से महिला स्वयं समूहों को भी जोड़ा जाए। मंडियों में कैंटीन के माध्यम से किसानों के लिए कम कीमत में भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसीटीवी, स्ट्रीट लाइट तथा साफ सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जनपदों के नगर पंचायत,नगर निगम तथा नगर पालिका परिषदों में प्राइम लोकेशनों पर स्मार्ट रोड की अवधारणा को आगे बढ़ाया जाए। स्मार्ट रोड पर एक जैसी फसाड लाइट लगाई जाएं। नगर विकास विभाग भी शहरों की फसाड लाइटिंग में समरूपता प्रदर्शित करे।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश में शहरीकरण का निरंतर विस्तार हो रहा है। अवैध कालोनियों को किसी भी दशा में विकसित न होने दिया जाए। सड़क, बिजली पानी आदि बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता के बाद ही नवीन कालोनियों का हैंडोवर कराया जाए।

# उप्र में अब खाने-पीने की हर दुकान पर लिखना होगा मालिक का नाम, सीसीटीवी भी जरूरी

-मुख्यमंत्री का निर्देशः ढाबों, रेस्टोरेंट आदि खान-पान के प्रतिष्ठानों की होगी सघन जांच, हर कर्मचारी का होगा पुलिस वेरिफिकेशन

-खान-पान के प्रतिष्ठानों पर संचालक, प्रोपराइटर, मैनेजर आदि के नाम और पता प्रमुखता से डिस्प्ले किये जाएं

-खाद्य पदार्थों को तैयार करने तथा सर्विस के समय संबंधित व्यक्ति मास्क और ग्लव्स का उपयोग जरूर करें

लखनऊ, 24 सितंबर (हि.स.)। तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद (लड्डू) में मिलावट का मामला सार्वजनिक होने के बाद उप्र सरकार सतर्क हो गयी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट, गंदी चीजों की मिलावट करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सूबे में अब ढाबों और होटलों समेत ऐसे प्रतिष्ठानों की जांच के

साथ ही उनमें कार्य करने वाले कर्मचारियों का भी पुलिस सत्यापन किया जाएगा।

देश के विभिन्न क्षेत्रों में हुई कुछ आपत्तिजनक घटनाओं का संज्ञान लेते हुए मंगलवार को एक उच्च

स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंट आदि

संबंधित प्रतिष्ठानों की गहन जांच और सत्यापन आदि के भी निर्देश दिए हैं।

साथ ही आम जन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए नियमों में आवश्यकतानुसार संशोधन के भी निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में देश के विभिन्न क्षेत्रों में जूस, दाल और रोटी जैसी खान-पान की वस्तुओं

में मानव अपशिष्ट, अखाद्य तथा गंदी चीजों की मिलावट की घटनाएं देखने को मिली हैं। ऐसी

घटनाएं वीभत्स हैं और आम आदमी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली हैं।

ऐसे कुत्सित प्रयास कतई स्वीकार नहीं किये जा सकते। उत्तर प्रदेश में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए ठोस प्रबंध किए जाने आवश्यक हैं।

ऐसे ढाबों और रेस्टोरेंट आदि खान-पान के प्रतिष्ठानों की जांच की जानी आवश्यक है। प्रदेशव्यापी सघन अभियान चलाकर इन प्रतिष्ठानों के संचालक सहित वहां कार्यरत सभी कर्मचारियों का सत्यापन किया जाए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, पुलिस व स्थानीय प्रशासन संयुक्त टीम द्वारा यह कार्यवाही शीघ्रता से सम्पन्न कराई जाए। खान-पान के प्रतिष्ठानों पर संचालक, प्रोपराइटर, मैनेजर आदि के नाम और पता प्रमुखता से डिस्प्ले किये जाने चहिए। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में आवश्यकतानुसार संशोधन भी किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ढाबों, होटलों और रेस्टोरेंट आदि खान-पान के प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी की व्यवस्था हो। न केवल ग्राहकों के बैठने के स्थान पर बल्कि प्रतिष्ठान के अन्य हिस्सों को भी सीसीटीवी से कवर होना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि हर प्रतिष्ठान संचालक सीसीटीवी की फीड को सुरक्षित रखेगा और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस और स्थानीय प्रशासन को उपलब्ध कराएगा।

खान पान के केंद्रों पर साफ-सफाई होनी चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि खाद्य पदार्थों को तैयार करने तथा सर्विस के समय संबंधित व्यक्ति मास्क, ग्लव्स का उपयोग जरूर करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आम जन के स्वास्थ्य हितों से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं किया जा सकता है।

ऐसा प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए। खाद्य पदार्थों को बनाने, बेचने अथवा अन्य संबंधित गतिविधियों से जुड़े नियमों को व्यवहारिकता का ध्यान रखते हुए और सख्त किया जाए। नियमों की अवहेलना पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए।

# महिलाओं में नेतृत्व क्षमता विकास के लिए महिला आयोग की बड़ी भूमिका : मुख्यमंत्री

## -राज्य महिला आयोग के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों से मुख्यमंत्री ने की बैठक, कहा सकारात्मक भाव से करें दायित्वों का निर्वहन

लखनऊ, 24 सितंबर (हि.स.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को नवगठित राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष, उपाध्यक्ष द्वय और सदस्यों सहित सभी पदाधिकारियों के साथ विशेष बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य महिला आयोग के गठन के उद्देश्यों, दायित्वों, अधिकारों पर भी चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में अतिशीघ्र नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रभावी होने जा रहा है। इसके माध्यम से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं की कुल सीटों में से एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएंगी। प्रदेश की महिलाओं को इसका वास्तविक लाभ मिल सके, इसके लिए उनमें नेतृत्व क्षमता विकास के लिए विशेष प्रयास किया जाना आवश्यक है। महिला हितों के संरक्षण तथा उनके कल्याण में राज्य महिला आयोग की बड़ी भूमिका है। राज्य महिला आयोग इसके लिए विस्तृत कार्यक्रम तैयार करे।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि महिलाओं, बेटियों की सुरक्षा और उनके विकास के लिए अवसर उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार द्वारा अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार द्वारा महिलाओं के हित में अनेक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। महिलाओं की सहायता के लिए विशेष हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं। इनके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। आयोग के पदाधिकारियों को जनपदीय प्रवास के दौरान इन प्रयासों, कार्यक्रमों के बारे में स्थानीय महिलाओं से संवाद करना चाहिए। वहां से प्राप्त फीडबैक से मुख्यमंत्री कार्यालय को अवगत कराया जाए। यदि किन्हीं कारणों से किसी को योजना का लाभ नहीं मिल सका है, तो उनके लिए आयोग द्वारा संस्तुति भी की जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भिक्षावृत्ति की अवैध गतिविधियों से फंसे बच्चों को मुक्त कराकर उनकी पढ़ाई, आवास आदि की व्यवस्था कर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सरकार द्वारा प्रयास किया जा रहा है। राज्य महिला आयोग इस कार्य में प्रभावी योगदान करे।

भारत सरकार के सहयोग से वृंदावन में निराश्रित महिलाओं के लिए 'कृष्णा कुटीर' की स्थापना की गई है। निराश्रित महिला केंद्र भी संचालित हैं। यहां निवासरत महिलाओं में बहुत सी शिक्षित हैं। कुछ में हस्तशिल्प का हुनर है। कुछ अन्य किसी विधा की जानकार हैं। इनकी प्रतिभा, क्षमता का सही उपयोग हो, इसके लिए आयोग को इन महिलाओं से संवाद कर अपने सुझाव देने चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि आयोग की पदाधिकारियों द्वारा महिला संवासिनी गृहों, अटल आवासीय विद्यालयों, कस्तूरबा विद्यालयों, महिला छात्रावासों, आश्रम पद्धति के विद्यालयों का भी निरीक्षण किया जाना चाहिए। वहां की व्यवस्था का अवलोकन कर सुधार के लिए अपने सुझाव शासन को देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि महिला एवं बाल विकास की मंत्री, विभागीय अधिकारियों और महिला आयोग के बीच बेहतर समन्वय बना रहे, इससे आयोग और विभाग दोनों ही अपने प्रयासों में सफल हो सकेंगे।

महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की उपयोगिता पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 1090, 181 और 112 जैसी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन को इंटीग्रेट किया जा गया है।

पूरे प्रदेश से महिलाओं की समस्याएं यहां प्राप्त होती है। आयोग को 1090 का भ्रमण कर वहां आ रही समस्याओं को समझना चाहिए। 1090 की व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए अपने सुझाव भी देने चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूह, आंगनबाड़ी, बीसी सखी को भी समय-समय पर आयोग द्वारा मार्गदर्शन दिये जाने की अपेक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने आयोग के सुचारु कामकाज के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# लखनऊ में पांचवीं की छात्रा से गैंगरेप, एक आरोपित हिरासत में

लखनऊ, 24 सितम्बर (हि.स.)। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में कक्षा पांचवी की एक छात्रा से हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में मंगलवार को पुलिस ने एक आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।



पुलिस उपायुक्त दक्षिणी ने बताया कि सरोजनी नगर क्षेत्र में रहने वाले परिवार की ओर से एक तहरीर दी गई है। इसमें बताया गया कि उनकी 14 वर्षीय बेटी यहां के एक स्कूल में कक्षा पांच की छात्रा है। रोजाना की तरह वह सोमवार को स्कूल से छुट्टी होने पर घर लौट रही थी। रास्ते में पीछे लगे दो युवकों ने उसका हाथ पकड़कर खींचकर कार में बैठाया और उसे लेकर कृष्णानगर के एक होटल के कमरे में पहुंचे। यहां पर उन्होंने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। उसकी वीडियो बनायी और धमकी दी कि किसी को बताया तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे। उसी दिन शाम चार बजे के आसपास आरोपित पीड़िता को उसके घर के समीप छोड़कर भाग गये। बदहवास हालत में बेटी जब घर पर पहुंची तो परिवार के लोग पूछताछ करने लगे। काफी प्रयास के बाद बेटी ने अपने साथ हुए घटनाक्रम के बारे में परिवार के सदस्यों को बताया। पिता ने बीती देर रात में ही इस मामले में दूसरे समुदाय के दो युवकों दानिश और अमीन के खिलाफ तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस उपायुक्त दक्षिणी ने बताया कि इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को हिरासत में ले लिया गया है। किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा। फिलहाल, फरार दूसरे आरोपित की तलाश में टीम लगी हुई है। पुलिस घटना से जुड़े साक्ष्य एकत्र कर रही है और उसके आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लायी जाएगी।

# खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट मिलाना वीभत्स, यह सब स्वीकार नहीं : मुख्यमंत्री

## -मुख्यमंत्री का निर्देश, ऐसे ढाबों, रेस्टोरेंट आदि खान-पान के प्रतिष्ठानों की होगी सघन जांच, हर कर्मचारी का होगा पुलिस वेरिफिकेशन

लखनऊ, 24 सितंबर (हि.स.)। त्रिपति बालाजी मंदिर के प्रसाद लड्डू में मिलावट का मामला सामने आने के बाद उप्र सरकार सतर्क हो गयी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट, गंदी चीजों की मिलावट करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। ढाबों और होटलों समेत ऐसे प्रतिष्ठानों की जांच के साथ ही उनमें कार्य करने वाले कर्मचारियों का भी पुलिस सत्यापन किया जाएगा।

देश के विभिन्न क्षेत्रों में घटीं ऐसी घटनाओं का संज्ञान लेते हुए मंगलवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंट आदि संबंधित प्रतिष्ठानों की गहन जांच, सत्यापन आदि के भी निर्देश दिए हैं।

साथ ही आम जन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए नियमों में आवश्यकतानुसार संशोधन के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में देश के विभिन्न क्षेत्रों में जूस, दाल और रोटी जैसी खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट, अखाद्य, गंदी चीजों



की मिलावट की घटनाएं देखने को मिली हैं। ऐसी घटनाएं वीभत्स हैं और आम आदमी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली हैं। ऐसे कुत्सित प्रयास कतई स्वीकार नहीं किये जा सकते। उत्तर प्रदेश में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए ठोस प्रबंध किए जाने आवश्यक हैं। ऐसे ढाबों, रेस्टोरेंट आदि खान-पान के प्रतिष्ठानों की जांच की जानी आवश्यक है। प्रदेशव्यापी सघन अभियान चलाकर इन प्रतिष्ठानों के संचालक सहित वहां कार्यरत सभी कर्मचारियों का सत्यापन किया जाए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, पुलिस व स्थानीय प्रशासन संयुक्त टीम द्वारा यह कार्यवाही शीघ्रता से सम्पन्न कराई जाए। खान-पान के प्रतिष्ठानों पर संचालक, प्रोपराइटर, मैनेजर आदि के नाम और पता प्रमुखता से डिस्प्ले किये जाने चहिये। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में आवश्यकतानुसार संशोधन भी किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ढाबे, होटलों, रेस्टोरेंट आदि खान-पान के प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी की व्यवस्था हो। न केवल ग्राहकों के बैठने के स्थान पर बल्कि प्रतिष्ठान के अन्य हिस्सों को भी सीसीटीवी से कवर होना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि हर प्रतिष्ठान संचालक सीसीटीवी की फीड को सुरक्षित रखेगा और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस, स्थानीय प्रशासन को उपलब्ध कराएगा। खान पान के केंद्रों पर साफ-सफाई होनी चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि खाद्य पदार्थों को तैयार करने तथा सर्विस के समय संबंधित व्यक्ति मास्क, ग्लव्स का उपयोग जरूर करें इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा किआम जन के स्वास्थ्य हितों से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं किया जा सकता। ऐसा प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए। खाद्य पदार्थों को बनाने, बेचने अथवा अन्य संबंधित गतिविधियों से जुड़े नियमों को व्यवहारिकता का ध्यान रखते हुए और सख्त किया जाए। नियमों की अवहेलना पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए।

# शोध, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का केंद्र बनेंगे यूपी के विश्वविद्यालय

विश्वस्तरीय शिक्षा और संसाधनों का लाभ उठाकर अपने करियर को नई दिशा दे सकेंगे प्रदेश के युवा

लखनऊ, 24 सितंबर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने राज्य के विश्वविद्यालयों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाया है। इसके तहत योगी सरकार प्रदेश के 8 प्रमुख विश्वविद्यालयों में कुल 58 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना करने जा रही है। सरकार की इस पहल से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शोध, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण को बढ़ावा मिलेगा।



इसके लिए सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विश्वविद्यालयों को कुल 03 करोड़ 88 लाख 77 हजार 8 सौ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस धनराशि से छात्रों और शिक्षकों को अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

युवाओं के करियर को मिलेगी नई दिशा

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना से न केवल छात्रों को शोध और तकनीकी विशेषज्ञता के क्षेत्र में नई संभावनाएं मिलेंगी, बल्कि यह विश्वविद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता में भी सुधार लाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को एक ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे विश्वस्तरीय शिक्षा और संसाधनों का लाभ उठाकर अपने करियर को नई दिशा दे सकें।

इन विश्वविद्यालयों में स्थापित होंगे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस" योजना के तहत तहत महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर, लखनऊ विश्वविद्यालय, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी, डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय लखनऊ और छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर को शामिल किया गया है।

छात्रों के शैक्षिक विकास को मिलेगा प्रोत्साहन

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजना के तहत राज्य के इन विश्वविद्यालयों में प्रोजेक्ट फेलो के साथ-साथ अत्याधुनिक शोध उपकरण, पुस्तकालयों का विकास और डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता को सुनिश्चित किया जाएगा।

यह न केवल छात्रों के शैक्षिक विकास को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि उन्हें उद्योग और अनुसंधान क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करेगा। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजनांतर्गत राज्य सरकार द्वारा समय समय पर निर्गत दिशा निर्देश प्रभावी रहेंगे। विश्वविद्यालय स्तर पर योजना के दिशा निर्देशों के अनुसार कार्यक्रमों की मॉनीटरिंग की जाएगी तथा शासन को अवगत कराया जाएगा।

# अखिलेश यादव से जाली नोट कारोबारी के संबंध उजागर : जयवीर सिंह

लखनऊ, 24 सितम्बर (हि.स.)। उप्र के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कुशीनगर जनपद में जाली नोट के कारोबारी रफी खान बब्लू की गिरफ्तारी पर कहा कि समाजवादी पार्टी में रफी खान राष्ट्रीय सचिव के पद बताया जा रहा है। रफी खान को जाली नोट के कारोबार में गिरफ्तार किया गया है। उसके अखिलेश यादव से संबंध उजागर हो गये हैं।

मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर पत्रकारों से कहा कि समाजवादी पार्टी के मुखिया को चिंतन करना चाहिए। इस तरह के लोग को पार्टी से दूर रखें। गम्भीर अपराध हो, छोटे अपराध में, अब जाली नोट के कारोबार में भी, इनके लोग जुड़े हुए पाये जा रहे है। जनता का नारा है, जितना बड़ा अपराधी उतना बड़ा समाजवादी। रफी खान को बाहर का रास्ता दिखाना चाहिए। जो नकली नोट का कारोबार कर राष्ट्रद्रोह करते गिरफ्तार हो चुका है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में जीरो टालरेंस की नीति अपनाते हुए कार्रवाई हो रही है। किसी अपराधी की कोई जाति नहीं होती है, अपराधी तो अपराधी ही है। जो जैसा अपराध करेगा, वह वैसे कार्रवाई को झेलने के लिए तैयार रहे। यह योगी सरकार है, अपराध करने वाले छोड़े नहीं जाएंगे।

# मगरमच्छ को पकड़ने में वन विभाग की टीम असफल, ग्रामीणों ने किया रेस्क्यू

–रस्सी से बांधकर पूरे गांव में जुलूस निकाला, कहा-हमें किसी की जरूरत नहीं,वीडियो हुआ वायरल

झांसी, 24 सितंबर (हि.स.)। कहते हैं डर के आगे जीत है। सोशल मीडिया पर ऐसा ही एक हैरान करने वाला वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कुछ ग्रामीण युवा एक मगरमच्छ को रस्सी से बांधकर उसे पूरे गांव में जुलूस निकालकर घुमाते दिखाई दे रहे हैं। ये मामला झांसी के मोंठ तहसील के भरोसा गांव का बताया जा रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि पहले गांव के कुछ युवाओं ने मिलकर मगरमच्छ को रस्सी की मदद से बांधा। फिर कुछ दूरी तक उसे हाथों से पकड़कर चले। इसके बाद मगरमच्छ को साइकिल पर रखकर पूरे गांव में घुमाया। इससे पहले मगरमच्छ की दहशत फैली हुई थी।

बीते दिनों हुई मूसलाधार बारिश के चलते नदी नालों में आई बाढ़ में बहकर कई मगरमच्छ गांवों तक पहुंच गए हैं। बीती रात मोंठ क्षेत्र के भरोसा गांव में एक नाले से मगरमच्छ बाहर आ गया था और गांव की सड़क पर चलता फिरता दिखाई दिया था। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। गांव के लोगों ने वन विभाग को सूचना दी थी। उन्हें उम्मीद थी कि वन विभाग की टीम मगरमच्छ को पकड़ लेगी। टीम मौके पर पहुंची, लेकिन मगरमच्छ उन्हें गच्चा देकर भाग निकला था। टीम उसे पकड़ने में कामयाब नहीं हो पाई। इसके बाद क्षेत्र में मगरमच्छ की दहशत फैल गई। गांव के कुछ लोगों ने मगरमच्छ को पकड़ने का बीड़ा अपने हाथ में उठा लिया। पूरे दिन तलाश करने पर मगरमच्छ को खोज निकाला।

गांव के युवाओं ने अपनी जान जोखिम में डालकर उसे रस्सी से बांधकर पकड़ लिया। उसे हाथों में उठाकर गांव में घुमाया। फिर साइकिल पर लादकर पूरे गांव में जुलूस निकाला। इस वीडियो में साफ सुनाई दे रहा है कि लोग कह रहे हैं हमें वन विभाग की जरूरत नहीं है।

बाद में पहुंचे वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को कब्जे में लेकर बेतवा नदी में छोड़ दिया।

# अधिक वर्षा से खराब हो रही अरहर की फसल में फास्फेट का छिड़काव करने से होगा अधिक लाभः डॉ.एस.एन.सुनील पांडेय

कानपुर, 24 सितम्बर (हि.स.)। अधिक बारिश की वजह से अरहर की फसल की ग्रोथ रुक जाती है। ऐसी स्थिति में अरहर के पौधों में फास्फेट का छिड़काव करने से बेहतर उत्पादन पा सकते है और वर्षा के पानी से क्षति को काफी कम कर सकते है। यह जानकारी मंगलवार को चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस.एन.सुनील पांडेय ने दी।

उन्होंने बताया कि अरहर की खेती को बेहतर लाभ वाली मानी जाती है। इसकी वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने से किसानों को कई गुना तक लाभ बढ़ सकता है। कृषि विज्ञान केंद्र कोडरमा के वरीय वैज्ञानिक के मुताबिक कोडरम में लगभग 90 प्रतिशत किसान अरहर की खेती करते हैं।

डॉ. पांडेय आगे जानकारी देते हुए बताया कि सामान्य तौर पर अरहर की खेती ऊंचाई वाले स्थान वाले जमीन पर की जाती है। जिस स्थान पर जल जमाव नहीं होता है। हालांकि इस बार मानसून के बाद भी अधिक बारिश होने से अरहर की फसल को थोड़ी क्षति हुई है। अधिक बारिश की वजह से अरहर के फसल की ग्रोथ रुक जाती है। ऐसे समय में किसान भाइयों को अरहर के पौधों में फास्फेट का छिड़काव करें और बेहतर उत्पादन प्राप्त कर बारिश से हुई नुकसान को काफी कम कर सकते हैं।

# उप्र : गोशाला में मवेशियों को मारने की साजिश, भूसे में मिला दी सल्फास की गोलियां

हमीरपुर, 24 सितम्बर (हि. स.)। हमीरपुर जिले में गोशाला में वीडियो बनाने के बहाने घुसे युवकों ने मवेशियों को मारने के लिए बड़ी साजिश की गयी। ये मुकेश सिंह व नदेहरा गांव निवासी पवन सिंह गोशाला के अंदर चहलकदमी करने लगे। इसी बीच सरपंच का भाई कल्लू अपने साथियों के साथ गोशाला पहुंच गए तो ये दोनों युवक घबरा गए। पूछने पर ये दोनों गाली गालौच कर गोशाला से बाहर जाने लगे। उन्होंने बताया कि मवेशियों को चराने वाला चेतराम व श्याम सिंह पहुंच गए। मवेशियों के लिए ये दोनों भूसा लेने गए तो भूसे में सल्फास की गोलियां व शीशी देख चरवाहे चिल्लाकर भागे।



...अधिकारी डा. आर बी यादव मौके पर पहुंचे। लालपुरा थाना प्रभारी भी पुलिस बल के साथ गोशाला पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की। पशुधन प्रसार अधिकारी डा. आर बी यादव ने बताया कि भूसे का सेम्पल जांच के लिए लिया गया है। गोशाला के अंदर रखा पूरा भूसा भी सीज कर दिया गया है। फिलहाल जांच अभी चल रही है।

तो अच्छा रहा कि साजिश करने वालों का भांडा सरपंच के पहुंचने पर फूट गया। गोशाला में अस्सी मवेशी हैं, जिन्हें मारने के लिए भूसे में सल्फास की गोलियां मिलाई गई थी। सूचना पाते ही पुलिस और पशुपालन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच की और मंगलवार को भूसे का सेम्पल लेकर पड़ताल शुरू कर दी है।

हमीरपुर जिले के लालपुरा थाना क्षेत्र के नदेहरा गांव में संचालित गोशाला में मवेशियों को मारने की साजिश का भांडा फूटने से गांव के लोग दंग है। गोशाला में अस्सी मवेशी संरक्षित है। जिनके खाने के लिए बीती रात भूसे का इंतजाम किया गया था। सरपंच उदयभान यादव ने मंगलवार को बताया कि गोशाला के अंदर मवेशी संरक्षित है। रात में गोशाला का गेट बंद किया गया था।

विवेक नगर मुहाल निवासी

भूसे में भी तीखी दुर्गन्ध आने से गोशाला में अफरातफरी मच गई। इस घटना की सूचना बीडीओ सुमेरपुर और लालपुरा पुलिस को दी गई। अधिकारियों की मौजूदगी में गोशाला में मवेशियों के लिए अलग से भूसे की व्यवस्था की गई है।

पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने जांच को लिए भूसे का सेम्पल

गोशाला में भूसे में सल्फास की गोलियां मिलाकर मवेशियों को मारने की साजिश करने की सूचना पर पशुपालन विभाग के

मवेशियों को मारने की साजिश में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

सरपंच उदयभान यादव ने बताया कि गोशाला में घुसे मुकेश सिंह व पवन सिंह ने पूछने पर अभद्रता की और धमकी देकर भाग गए। इस मामले में इन्हीं दोनों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

इन्हीं दोनों ने वीडियो बनाने के बहाने गोशाला में घुसकर भूसे में सल्फास की गोलियां मिलाने का आरोप है। इधर युवकों के गोशाला में गाली गलौच कर मारपीट करने की तहरीर थाने में दी है। जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# जातिसूचक गालियां देकर रोजगार सेवक से की गयी मारपीट

बरेली, 24 सितंबर (हि.स.)। मीरगंज के गांव धनेटा में डिजिटल क्रॉप सर्वे के दौरान ग्राम रोजगार सेवक विनोद कुमार से दबंगों द्वारा जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए मारपीट की गयी।

इसके विरोध में ग्राम रोजगार सेवक संघ ने इसका विरोध किया। रोजगार सेवक ने मंगलवार को इसकी शिकायत जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर की है।

उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिला अध्यक्ष गंगादिन कश्यप के नेतृत्व में थाना फतेहगंज पश्चिमी तहसील मीरगंज के चनेरा निवासी विनोद कुमार पुत्र रामभरोसे लाल इसी ग्राम पंचायत में ग्राम रोजगार सेवक के पद पर कार्यरत है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा कराई जा रही डिजिटल क्रॉप मे विनोद कुमार सर्वे करते समय बीते 23 सितंबर को सुबह के वक़्त विनोद कुमार धनेटा गांव में गाटा संख्या 1041 का सर्वे कर रहा था। इस गाटा संख्या में विपक्षी देशपाल चौधरी पुत्र गोपीचन्द का मकान है। सर्वे के तहत मकान का फोटो खींच रहा था। तभी देशपाल चौधरी व अंकित आये। रोजगार सेवक विनोद कुमार को जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली देते हुए उन्होंने मोबाइल भी छीन लिया।

विनोद कुमार ने मौके से भागकर जान बचाई एवं थाने में तहरीर दी। जिसमें कोई कार्रवाई नहीं हुई। ज्ञापन के दौरान सुरेंद्र कुमार शर्मा,रोहित सक्सेना, विनोद कुमार, ओमप्रकाश, महेंद्र, नेमचंद आदि मौजूद रहे।

# मायावती ने आरक्षण के मुद्दे पर राहुल गांधी को घेरा

लखनऊ, 24 सितम्बर ( हि.स.)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने आज कहा कि एससी–एसटी और ओबीसी आरक्षण को





लेकर कांग्रेस और राहुल गांधी की नीति स्पष्ट नहीं है बल्कि छल कपट की है। इनके इस दोहरे मापदण्ड से लोग सचेत रहें।

मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में मायावती ने कहा कि राहुल गांधी अपने देश में इनके वोट हासिल करने के लिए ये आरक्षण का समर्थन व इसे 50 फीसद से ऊपर बढ़ाने की वकालत करते हैं जबकि विदेश में जाकर इनके आरक्षण को खत्म करने की बात करते हैं।

मायावती ने कहा कि यह भी सच है कि केन्द्र में इनकी सरकार ने ओबीसी आरक्षण सम्बन्धी मण्डल कमीशन रिपोर्ट लागू नहीं की थी। साथ ही, बसपा के संघर्ष से एससी–एसटी के पदोन्नति में आरक्षण को प्रभावी बनाने के लिए संसद में लाए गए संविधान संशोधन बिल को भी कांग्रेस ने पास नहीं होने दिया, जो अभी तक लम्बित है।

बसपा प्रमुख ने लोगों से अपील की कि आरक्षण विरोधी कांग्रेस व अन्य पार्टियों से लोग सजग रहें। साथ ही, केन्द्र में रही कांग्रेस सरकार द्वारा जातीय जनगणना नहीं कराना और अब सत्ता से बाहर होने पर आवाज उठाना, यह सब ढोंग है।

# प्रदेश भर से आए अभ्यर्थियों का पिकअप भवन पर धरना

लखनऊ, 24 सितंबर (हि.स.)। लखनऊ के गोमतीनगर स्थित पिकअप भवन कार्यालय के सामने प्रदेशभर से आए जूनियर अस्सिटेंट अभ्यर्थियों ने धरना दिया। अभ्यर्थी लंबित भर्तियों की परीक्षा तिथि जारी करने की मांग कर रहे हैं। वहां पर भारी संख्या में पुलिसबल तैनात है। पुलिसकर्मी अभ्यर्थियों को समझाने-बुझाने का प्रयास कर रहे हैं।

अभ्यर्थियों ने कहा कि जूनियर अस्सिटेंट 1262 पद के लिए 2021 में विज्ञापन निकला। फार्म अप्लाई 2022 में रिजल्ट 2024 में टाइपिंग डेट, रिजल्ट व ज्वाइनिंग का अभी तक कुछ पता नहीं है। धरना दे रहे अभ्यर्थियों का कहना है कि सरकार प्रतियोगी परीक्षा के छात्रों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रही है। सरकार मानसिक प्रताड़नता बंद करे और टाइपिंग डेट जारी करें। आखिर हम लोग इंतजार करें तो कब तक।

परिणाम आने के बाद 8 महीने का समय बीत चुका है, पर अभी परीक्षा की कोई तिथि सम्बन्धी नोटिस नहीं आई है और ना ही आने के अभी कोई आसार नजर आ रहें हैं। इसके साथ ही अभी टंकण परीक्षा के बाद अभिलेख सत्यापन की प्रक्रिया भी होनी है।

# पदाधिकारी पर फर्जी मुकदमें के विरोध में भाकियू कार्यकताओं ने किया प्रदर्शन

मेरठ, 24 सितम्बर (हि.स.)। पदाधिकारी पर फर्जी मुकदमें दर्ज करने का आरोप लगाकर भारतीय कियान यूनियन एकता शक्ति के कार्यकताओं ने मंगलवार को एसएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने दौराला पुलिस पर फर्जी मुकदमें दर्ज करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की।

भाकियू (एकता शक्ति) के जिलाध्यक्ष नितीश भारद्वाज के नेतृत्व में कार्यकताओं ने एसएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने एसएसपी को ज्ञापन देकर कहा कि दौराला थाने में भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति के पदाधिकारी पर दर्ज हुए मुकदमे को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। टोलकर्मियों ने पहले मारपीट की थी लेकिन पुलिस अभी तक टोलकर्मियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

भाकियू कार्यकताओं के चार घंटा धरने के बाद उनकी शिकायत दर्ज की गई, जबकि टोल मैनेजर वाट्सऐप पर दी गई शिकायत पर ही मुकदमा दर्ज कर लिया गया। भाकियू पदाधिकारी को गंभीर चोट आई। दौराला पुलिस एकतरफा कार्रवाई कर रही है। कार्यकताओं ने कहा कि यदि दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो भाकियू बड़ा आंदोलन चलाएगी। इस अवसर पर अक्षित शर्मा, दिनेश भाटी, शाहरूख मलिक, विनीत उज्ज्वल, राहुल, युवराज, हिमांशु पंडित, सचिन, राजीव, अजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

# परमात्मा के बिना सृष्टि का अस्तित्व नहीं : आचार्य सोमदेव शास्त्री

मुरादाबाद, 24 सितम्बर (हि.स.)। वेद प्रचार मंडल मुरादाबाद के 29 वें वार्षिकोत्सव के तीसरे दिन मंगलवार को गुलजारीमल धर्मशाला में हुआ। प्रातःकाल की बेला में सर्वप्रथम वैदिक वातावरण में वृहद यज्ञ किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा सोमदेव शास्त्री और भूपेंद्र शास्त्री रहे। दिल्ली से आई गायिका अमृता आर्या ने सुरीली आवाज में भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों के माध्यम से बताया कि कण-कण में बसा प्रभु देख रहा चाहे पुण्य करो चाहे पाप करो, कोई उसकी नजर से बच न सका चाहे पुण्य करो चाहे पाप करो और ज्ञान का सागर चार वेद यह वाणी है। भगवान की इसी से मिलती सब सामग्री जीवन के कल्याण की है।

राजस्थान से आए आचार्य सोमदेव शास्त्री ने बताया कि हमें मनुष्य का जीवन मिला है। इस जीवन को प्राप्त करने में हमारे माता-पिता का योगदान निर्विवाद है, परंतु इसके साथ ही हमारी आत्मा और शरीर का संबंध कराने वाला सच्चिदानंद स्वरूप, सर्वव्यापक और सर्वशक्तिमान परमात्मा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.अभय श्रोत्रिय ने की तथा संचालन वेद प्रचार मंडल के अध्यक्ष अरविंद आर्यबंधु सहगल ने किया।

# अंत्योदय के प्रणेता थे पं. दीनदयाल उपाध्याय: योगी

बाराबंकी, 24 सितंबर (हि.स.)। शहर के विजय पार्क में पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का अनावरण करने बाराबंकी पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय के प्रणेता थे। उन्होंने हर हाथ को काम, हर खेत को पानी का उद्घोष किया था। स्वतंत्र भारत में देश की दिशा क्या होनी चाहिए, इसके बारे में तत्कालीन सत्ता के सामने असमंजस की स्थिति रही होगी। लेकिन उस समय भारतीय राजनीति के नए सितारे का उदय हो रहा था, जिन्होंने आजादी के तत्काल बाद पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, फिर भारतीय जनसंघ के माध्यम से राजनीति में प्रवेश करते हुए भारत की सामाजिक, आर्थिक नीति और राजनीतिक व्यवस्था के बारे में जो विचार दिए, उसकी प्रासंगिकता आज न केवल भारत, बल्कि वैश्विक समुदाय के सामने भी देखने को मिल रही है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती की पूर्व संध्या पर मंगलवार को बाराबंकी के विजय पार्क में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। साथ ही राजकीय इंटर कॉलेज में पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। सीएम ने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।सीएम योगी ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय की बात करते हुए कहा था कि आर्थिक उन्नति व प्रगति का मानक ऊंचे पायदान पर खड़े व्यक्ति से नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति से तय किया जाना चाहिए। भाजपा हो या अन्य राजनीतिक दलों के एजेंडे का हिस्सा गांव-गरीब, किसान व महिलाएं बनी हैं और बिना भेदभाव शासन की योजनाओं का लाभ हर तबके तक पहुंच रहा है तो स्वतंत्र भारत में इसके लिए जिस प्रखर प्रवक्ता का नाम आया है, वह पं. दीनदयाल उपाध्याय हैं।

पं. दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार कर रही एनडीए सरकार

सीएम योगी ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने सात दशक पहले जो सपने देखे थे, उसे साकार करने के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व की एनडीए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। आज देश के अंदर कोरोना जैसी महामारी से निरंतर 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन की सुविधा मिल रही है। 12 करोड़ शौचालय का निर्माण किया गया। आयुष्मान कार्ड के तहत पांच लाख रुपये की बीमा की सुविधा मिल रही है। बिना रुके, झुके, डिगे पीएम मोदी के नेतृत्व में विकास की यह यात्रा निरंतर बढ़ रही है।

स्टेट कैपिटल रीजन का महत्वपूर्ण जनपद बन चुका है बाराबंकी

सीएम योगी ने कहा कि बाराबंकी स्टेट कैपिटल रीजन का महत्वपूर्ण जनपद बन चुका है। अब बाराबंकी भी लखनऊ



के साथ ही विकास का बराबर भागीदार बनने जा रहा है। रीजन का हिस्सा बनते ही इंफ्रास्ट्रक्चर, पब्लिक ट्रांसपोर्ट की बेहतरीन सुविधा का लाभ बाराबंकी वासियों को प्राप्त होने जा रहा है।

बाराबंकी को विकास से कोई वंचित नहीं कर सकता

सीएम योगी ने कहा कि बाराबंकी सौभाग्यशाली है कि एक तरफ लखनऊ तो दूसरी तरफ अयोध्या धाम है। विकास यहां हो या वहां, इसके लाभ से बाराबंकी को कोई वंचित नहीं कर सकता। लोधेश्वर नाथ मंदिर महादेवा को नई पहचान देने के लिए धर्मार्थ कार्य व संस्कृति-पर्यटन विभाग लगातार कार्य करने जा रहा है। काशी विश्वनाथ धाम व अयोध्या धाम के तर्ज पर महादेवा का भी बेहतरीन कॉरिडोर बनाने की दिशा में हम अग्रसर हुए हैं।

केडी सिंह बाबू की स्मृति में भव्य स्मारक बनाने की तैयारी

सीएम योगी ने कहा कि अपने समय में हॉकी इंडिया को दुनिया में नई पहचान दिलाने वाले इसी माटी के लाल केडी सिंह बाबू की स्मृतियों को बनाए रखने के लिए सरकार ने उनकी पुश्तैनी कोठी को लिया है। यहां केडी सिंह बाबू व हॉकी इंडिया का भव्य स्मारक बनाने की तैयारी होगी। हॉकी से जुड़े प्रदर्शन व उनके कार्यक्रमों को बढ़ाने का कार्य सरकार करेगी।

रामसनेही घाट के पास बनाने जा रहे इंडस्ट्रियल कॉरिडोर

सीएम योगी ने कहा कि रामसनेही घाट के पास इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनाने जा रहे हैं। इससे बाराबंकी में ही हजारों नौजवानों को नौकरी की सुविधा देंगे। बाराबंकी औद्योगिक, शैक्षणिक व प्रगतिशील किसानों की दृष्टि से अच्छा कार्य कर रहा है। पद्म पुरस्कार से सम्मानित रामशरण वर्मा ने प्रगतिशील किसान के रूप में अलग पहचान बनाई है।

खेल की नई राजधानी के रूप में विकसित होगा बाराबंकी

सीएम योगी ने कहा कि सरकार ने यहां की सड़कों के बेहतरीन रखरखाव व सुदृढ़ीकरण कार्ययोजना के साथ कार्य प्रारंभ किया है। एक तरफ बाराबंकी को स्टेट कैपिटल रीजन, अच्छे इंफ्रास्ट्रक्चर का लाभ मिलेगा तो दूसरी तरफ केडी सिंह बाबू के नाम पर बाराबंकी खेल की नई राजधानी के रूप में विकसित होगा। लोधेश्वर नाथ मंदिर के कारण बेहतरीन कॉरिडोर धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से बाराबंकी को प्राप्त होगा।

सीएम योगी ने कहा कि हर वंचित परिवार को आवास, शौचालय, राशन कार्ड, पेंशन आदि लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। आने वाले समय में दस लाख युवाओं को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना से जोड़ने जा रहे हैं। उद्यम लगाने पर युवाओं को पांच लाख रुपये लोन पर ब्याज की राशि का भुगतान सरकार करेगी।

ऐसे 10 लाख युवा लाखों युवाओं के लिए नौकरी-रोजगार सृजन करने में सक्षम होंगे। डबल इंजन सरकार की डबल स्पीड विकास व सुरक्षा के नए मॉडल के रूप में यूपी को बढ़ा रही है। सीएम योगी ने विश्वास जताया कि दीनदयाल उपाध्याय के सपनों का भारत व उत्तर प्रदेश बनाने के साथ उनके बताए रास्ते का अनुसरण करते हुए सरकार बिना भेदभाव शासन की योजनाओं का लाभ हर तबके तक देने में सफल होगी।

इस अवसर पर पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, खाद्य-रसद व नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, दिनेश रावत, विधान परिषद सदस्य उमेश द्विवेदी, अंगद सिंह, इंजी. अवनीश कुमार सिंह, पूर्व सांसद प्रियंका रावत, बैजनाथ रावत, उपेंद्र रावत आदि मौजूद रहे।

# दहेज न मिलने पर महिला को पिलाया तेजाब, एसएसपी से शिकायत के बाद रास्ते में मौत

मेरठ, 24 सितम्बर (हि.स.)। ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र में दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने महिला को तेजाब पिला दिया। मंगलवार को पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने पर पीड़िता ने एसएसपी से मामले की शिकायत की। एसएसपी से शिकायत कर वापस लौटते समय रास्ते में विवाहिता की मौत हो गई।

गाजियाबाद जनपद के मोदीनगर क्षेत्र के बखरवा गांव निवासी सरिता पुत्री विजय पाल का विवाह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत मेरठ के ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र के माधवपुरम निवासी धर्मेंद्र पुत्र घसीटा के साथ पांच फरवरी 2023 को हुआ था। आरोप है कि कुछ समय बाद ही दहेज को लेकर ससुराल पक्ष के लोग सरिता का उत्पीड़न करने लगे। सरिता ने अपने मायके पक्ष से इस मामले की शिकायत की। मायके पक्ष के लोग जब सरिता की ससुराल पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई। मंगलवार को एसएसपी कार्यालय पहुंची पीड़िता ने आरोप लगाया कि 16 अगस्त को जान से मारने की नीयत से ससुरालियों ने उसे तेजाब पिला दिया। जिस कारण उसकी हालत बिगड़ गई। गंभीर हालत में सरिता को अस्पताल में भर्ती करा या गया। ब्रह्मपुरी थाने में शिकायत के बाद पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया, लेकिन आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं की। उल्टे पुलिस समझौते का दबाव बना रही है। एसएसपी ने इस मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया। बताया जाता है कि शिकायत करने के बाद वापस लौटते समय रास्ते में सरिता की मौत हो गई। ब्रह्मपुरी थाना प्रभारी का कहना है कि अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद सरिता ने माधवपुरम पुलिस चौकी पर आकर लिखित में बयान दिया था कि ससुरालियों के उत्पीड़न से तंग आकर उसने खुद ही तेजाब पी लिया था। वह अपने पति के साथ रहना चाहती है। इसके बाद सरिता के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया था।

# ट्रांसपोर्टर नेता बंशी पंडित बने अ. भा. ब्राह्मण एकता परिषद के जिलाध्यक्ष

हाथरस-। अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्र द्वारा शहर के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ट्रांसपोर्टर विनीत शर्मा बंशी पंडित को अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद का जिलाध्यक्ष मनोनीत किए जाने से विप्र बंधुओं में भारी हर्ष की लहर दौड़ गई है और आज तमाम विप्र बंधुओं द्वारा उनका फूल मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया गया ।ब्राह्मण समाज द्वारा किए गए स्वागत समारोह में ब्राह्मण महासभा के पूर्व अध्यक्ष शरद उपाध्य नंदा, विवेक कौशिक, डॉ. ललतेश शर्मा, मोहन शर्मा, संजू बाबा ,संदीप भारद्वाज, रोहित कौशिक, दुष्यंत शर्मा, विष्णु भारद्वाज, सचिन गौड़, रजत शर्मा, नितिन शर्मा, संजीव शर्मा ,विष्णु शर्मा, आदि लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया। अंत में जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद विनीत शर्मा बंसी पंडित ने सभी का आभार प्रकट किया गया।

# फिर बदलने वाला है मौसम, हथिया नक्षत्र में बना भारी बार्रि श का योग

कानपुर, 24 सितम्बर (हि.स.)। मौसम एक बार फिर बदलने वाला है। आगामी 27 सितंबर से भारी बारिश के योग बन रहे हैं। नक्षत्रों के अनुसार भारी बरिश का योग बना है और बादल झूम के बरसेगा। यह जानकारी मंगलवार को चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कृषि एवं मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस.एन.सुनील पांडेय ने दी।

उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में जलवायु एवं वर्षा को बताने के लिए मौसम विज्ञान के साथ-साथ अनेक नई वैज्ञानिक प्रणालियां प्रचलित हो चुकी हैं, मौसम वैज्ञानिक अब प्राचीन काल से ही भारतीय समाज में इसको जानने के लिए ज्योतिष शास्त्र की गणना चली आ रही है। इन पुरानी पद्यतियों के साथ वैज्ञानिकता के मेलजोल को बढ़ाने का काम अब मौसम वैज्ञानिकों द्वारा किया जा रहा है।

आज भी पंचांगों में वर्षा का योग पंचांग बनते समय ही बता दिया जाता है।

पिछले कुछ दर्िनों से अचानक चर्िपर्चिपाती गर्मी तेज हो गई है। लेकिन ज्योतर्िष की मानें तो नक्षत्र कुछ और ही इशारा कर रहे हैं। ज्योतिष में वर्षा के आधार जलस्तंभ के रूप में बताया गया है, इसलिए वर्षा को आकृष्ट करने के लिए यज्ञ बहुत महत्वपूर्ण कहा गया है। ह्यअन्नाद् भवन्ति भूतानि पर्जन्यादन्न संभवह्व वस्तुतः वायु तथा बादलों का परस्पर संबंध होता है।

आकाश मंडल में बादलों को हवा ही संचालित करती है, वही उनको संभाले रखती है इसलिए वायुमंडल का वर्षा एवं स्थान विशेष में वर्षा करने में महत्वपूर्ण योगदान होता है। 27 सर्ि तंबर से भारी बारिश के योग बन रहे हैं। मौसम विज्ञान के मॉडल और डाटा विश्लेषण, सैटेलाइट से प्राप्त तसवीरों, एयर गुबारों और कई तरीकों से प्राप्त आंकड़ों और वैदिक ज्योतिष में पंचांग दोनों के ताल-मेल के माध्यम से वर्षा का योग पता लगाया जा सकता है।

सीएसए मौसम विभाग इस पर काम कर रहा है। सितंबर की शुरूआत से ही काफी अच्छी बारिश हुई है। गर्मी से भी राहत मिली है। शहरी जनजीवन अस्त व्यस्त रहा है। किसानों को इस बारिश का लाभ मिला। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सितंबर माह में अच्छी वर्षा के योग हैं और उसके बाद 27 से हस्त नक्षत्र लगेगा। जिसे आम भाषा में हथिया भी कहते हैं। इस नक्षत्र में भारी बारिश की संभावना होती है।

तूफानी वायु, जंगलों एवं अन्य स्थानों में लगे हुए वृक्ष मकानों तथा पर्वत की शीला खंडों को उखाड़ फेंकने में समर्थ होते हैं। लेकिन जब आर्द्रा, आश्लेषा, उत्तरा भाद्र पद, पुष्य, शतभिषा, पूवार्षाणा एवं मूल नक्षत्र वरुण अर्थात जल मंडल के नक्षत्र कहे जाते हैं।

इनसे विशेष ग्रहों का योग बनने पर वर्षा होती है। साथ ही रोहिणी नक्षत्र का वास यदि समुद्र में हो तो घनघोर वर्षा का योग बनता है। साथ ही रोहिणी का वास समुद्र तट पर होने पर भी वर्षा खूब होती है। इसलिए वर्षा का ज्ञान प्राप्त करने के लिए ज्योतिष शास्त्र में वायुमंडल का विचार किया जाता है।

शास्त्रों के अनुसार पूर्व तथा उत्तर की वायु चले तो वर्षा शीघ्र होती है।

वायव्य दिशा की वायु के कारण तूफानी वर्षा होती है। ईशान कोण की चलने वाली वायु वर्षा के साथ-साथ मानव हृदय को प्रसन्न करती है। श्रावण में पूर्व दिशा की और भादों में उत्तर दिशा की वायु अधिक वर्षा का योग बनता है। शेष महीनों में पश्चिमी वायु (पछवा) वर्षा की दृष्टि से अच्छी मानी जाती है।

जाने कौन–कौन नक्षत्र कराते हैं बारिश

डॉ.पांडेय ने बताया कि वर्षा को जानने के लिए ज्योतिष वैज्ञानिकों ने नक्षत्रों पर विशेष विचार किया है जैसे आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, अश्लेषा, मघा, पूवार्फाल्गुनी, उत्तराफाल्गुनी, हस्त, चित्रा आदि। सूर्य और गुरु एक राशि में हों तथा गुरु और बुध भी एक राशि में हों, वर्षा तब तक जारी रहती है जब तक बुध या गुरु में से कोई एक अस्त न हो।

# यूपीआईटीएस 2024 : यूपी की सांस्कृतिक धरोहर से परिचित होंगे मेहमान

लखनऊ, 24 सितंबर (हि. स.)। मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) का आयोजन किया जाएगा। एक तरफ जहां उद्यमियों के सपनों को उड़ान मिलेगी, वहीं मेहमान यूपी की सांस्कृतिक धरोहरों से भी परिचित होंगे। योगी सरकार इस आयोजन में उत्तर प्रदेश के लोकनृत्य-लोकगीत कलाकारों को देश-विदेश के आगंतुकों के समक्ष मंच देगी तो वहीं रूस, बोलिविया, कजाकिस्तान, ब्राजील, वेनेजुएला, इजिप्ट, बांग्लादेश के कलाकार भी अपनी संस्कृति की झलक से मेजबानों को परिचित कराएंगे।

कनिका कपूर, पवनदीप, अरुणिता, अंकित तिवारी सरीखे बॉलीवुड कलाकारों से सजेगी सुरमयी सांझ

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर संस्कृति विभाग ने तैयारी कर ली है। यहां के मुक्ताकाशी मंच पर पांच दिन तक आगंतुक सुरमयी कार्यक्रमों का भी आनंद उठाएंगे। 25 सितंबर को पहले दिन नोएडा की माधवी मधुकर का भजन, मेहमान देश वियतनाम के कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुति होगी। पहले दिन बॉलीवुड सिंगर अंकित तिवारी के गीतों पर दर्शक झूमेंगे। 26 सितंबर को आईसीसीआर के माध्यम से बोलिविया, रूस, बांग्लादेश, कजाकिस्तान, ब्राजील, वेनेजुएला, इजिप्ट आदि के कलाकार अपने देश की सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे।

प्रयागराज की नीलाक्षी रॉय के 'प्रेम के रंग, कृष्ण के संग' के जरिए आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति होगी। सांस्कृतिक सांझ की अंतिम प्रस्तुति बालीवुड सिंगर कनिका कपूर के गीतों की होगी। 27 सितंबर को मथुरा की माधुरी शर्मा ब्रज के लोकगायन से परिचित कराएंगी।

युवाओं के दिलों पर राज करने वाले पवनदीप व अरुणिता भी ट्रेड शो में युवाओं के समक्ष प्रस्तुति देंगे। 28 सितंबर को लखनऊ की संजोली पांडेय, सहारनपुर की रंजना नेब रामकथा पर आधारित कथक नृत्य नाटिका प्रस्तुत करेंगी। कृष्ण भक्ति गायन पर माधवा बैंड की गायन प्रस्तुति होगी। 29 सितंबर को महोबा के जितेंद्र चौरसिया बुंदेली लोकगायन से परिचित कराएंगे। आगरा की प्रीति सिंह हनुमान चालीसा पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत करेंगी। डॉ. पलाश सेन की यूफ्रेरिया बैंड प्रस्तुति होगी।

लोकनृत्य कलाकारों को भी अंतरराष्ट्रीय मंच देगी योगी सरकार

सरकार के प्रवक्ता का कहना है कि योगी सरकार का लोकसंस्कृति को बढ़ावा देने पर पूरा जोर है। इसी क्रम में आईटीएस में लोककलाकारों को सांस्कृतिक मंच उपलब्ध कराया गया है। प्रयागराज की प्रीति सिंह व टीम ढेढ़िया नृत्य, बांदा के रमेश पाल पाईडंडा, अयोध्या के शीतला प्रसाद वर्मा फरुआही, अयोध्या की सुमिष्ठा मित्रा बधावा लोकनृत्य, आगरा के देवेंद्र एस मंगलामुखी कथक, झांसी की वंदना कुशवाहा राई, पीलीभीत के बंटी राणा थारू, दीपक शर्मा मयूर लोकनृत्य, लखनऊ की प्रीति तिवारी कथक नृत्य नाटिका, गोरखपुर के रामज्ञान यादव फरुआही लोकनृत्य, झांसी के रघुवीर सिंह यादव पाई-डंडा नृत्य प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के कलाकारों को भी मंच मुहैया कराया गया है।

# महाबोधि एक्सप्रेस में कोई पथराव नहीं हुआ : सीपीआरओ

प्रयागराज, 24 सितम्बर (हि.स.)। प्रयागराज में नई दिल्ली से गया जाने वाली महाबोधि एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थर फेंकने की घटना पर उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने कहा है कि उक्त ट्रेन जब मिजार्पुर स्टेशन पहुंच रही थी तो गार्ड ने पत्थर टकराने की सूचना दी। आरपीएफ मौके पर पहुंची और जांच में आया कि किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है और अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

वहीं, पीआरओ अमित कुमार सिंह ने बताया कि कई मीडिया द्वारा यह खबर चलाई जा रही है कि ह्यमहाबोधि एक्सप्रेस में पथराव, कई यात्री घायलह्व इस संबंध में यह अवगत कराना है कि इस प्रकार की कोई भी घटना नहीं हुई है। यह स्पष्ट करना है कि 23 सितम्बर को गाड़ी सं. 12397 महाबोधि एक्सप्रेस में अनुरक्षण स्टॉफ कांस्टेबल रविकेश यादव द्वारा उक्त गाड़ी के मिजार्पुर स्टेशन प्रवेश करते समय किसी व्यक्ति द्वारा सायं गार्ड ब्रेक पर साउथ साइड से पत्थर मारने व किसी को कोई चोट नहीं आने की सूचना दी गई। महाबोधि एक्सप्रेस के गार्ड मुस्ताक अहमद द्वारा कंट्रोल के माध्यम से बताया गया कि किलोमीटर संख्या 736/3 मिजार्पुर समय लगभग 19:21 बजे साउथ साइड से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पत्थर मारा गया है, जो गार्ड ब्रेक पर लगा है। किसी को कोई चोट नहीं आई है।

सूचना पर सहायक उप निरीक्षक अशोक कुमार, हेड कांस्टेबल गिरधर कुशवाहा के साथ मिजार्पुर माल गोदाम पूर्वी यार्ड पश्चिमी यार्ड सुरागरसी की गई । कोई भी व्यक्ति नजर नहीं आया। मामले की गम्भीरता को देखते हुए मुकदमा अपराध संख्या 511/24 धारा 153, 147 रेलवे एक्ट सरकार बनाम अज्ञात समय 21:40 एंट्री नंबर 55 के मुताबिक दर्ज किया गया। मामले की जांच सहायक उप निरीक्षक अशोक कुमार द्वारा की जा रही है।

# साइकिल सवार बच्ची को बचाने में स्कूली वैन दीवार से टकराई, छात्रा घायल

लखनऊ, 24 सितम्बर (हि.स.)। पारा थाना क्षेत्र में मंगलवार को स्कूल जा रही साइकिल सवार छात्रा को बचाने के चक्कर में स्कूली वैन दीवार से टकरा गई। हालांकि साइकिल सवार छात्रा भी वैन से बचने के चक्कर में गिर गई थी। दुर्घटना में दो छात्राओं को चोटें आई हैं।

पुलिस के मुताबिक, सैंट मैरी पब्लिक स्कूल की वैन (यूपी 32 एच एन 9012) का चालक मुजफ्फरखेड़ा गांव से स्कूली बच्चों को लेकर मंगलवार की सुबह स्कूल जा रहा था। गांव के बाहर मोड़ पर पहुंचते ही सामने से आ रही साइकिल सवार स्कूली बच्ची को बचाने के चक्कर में एक दीवार से जा टकराई। वहीं, बच्ची भी साइकिल से गिरी तो उसे भी चोटें आ गई हैं। घटना के बाद चालक वैन छोड़कर भाग निकला। दीवार से टकराने पर वैन का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। आगे सीट पर बैठी एक छात्रा घायल हो गयी है। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस और परिवार के लोगों ने घायल बच्ची को पास के अस्पताल में पहुंचाया। पुलिस ने वैन को अपने कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने उप्र के मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, ब्रज क्षेत्र के किसानों को राहत देने की मांग

लखनऊ,24 सितम्बर (हि.स.)। राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने अतिवृष्टि से हुई किसानों की फसलों के नुकसान को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है।

पत्र में उन्होंने उत्तर प्रदेश के बज्र क्षेत्र के किसानों की फसल को हुए नुकसान का सर्वे कराने के साथ उचित मुआवजा दिए जाने की बात कही है

जयंत चौधरी ने पत्र में कहा है कि पिछले दिनों मैंने उत्तर प्रदेश के ब्रज क्षेत्र के दौरे के समय अनेक गांवों का भ्रमण किया है और यह देखने में आया है कि इस क्षेत्र में अतिवृष्टि के कारण किसानों की फसलों का अत्यधिक नुकसान हुआ है। उन्हें तत्काल राहत पहुंचाये जाने की आवश्यकता है।

रालोद अध्यक्ष ने पत्र में मुख्यमंत्री योगी से अनुरोध किया है कि पूरे उत्तर प्रदेश के साथ-साथ ब्रज क्षेत्र के प्रभावित गांवों का भी प्राथमिकता के आधार पर यथाशीघ्र सर्वे करवाकर यहां के बाढ़ पीड़ित किसानों को फसल बीमा योजना के लाभ के साथ-साथ उपयुक्त मुआवजे का भी लाभ प्रदान किया जाए।

## प्रयागराज में ट्रक ने पांच छात्राओं को रौंदा, दो की मौत, भीड़ ने ट्रक को लगाई आग

प्रयागराज, 24 सितम्बर (हि.स.)। मिजार्पुर से प्रयागराज आ रहे एक बेकाबू ट्रक ने मंगलवार को दोपहर बाद मेजा में हाइवे पर स्कूल से घर लौट रही पांच छात्राओं को कुचल दिया। इनमें से दो छात्राओं की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल तीन छात्राओं को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। चालक मौके से ट्रक छोड़कर फरार हो गया।

बताया जा रहा है कि सभी छात्राएं कठौली स्थित काशी प्रसाद सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज से साइकिल से घर लौट रही थीं और उसी दौरान मेजा के टिकुरी समहन गांव के समीप यह दुर्घटना हो गई। फिलहाल, दुर्घटना में तीन छात्राओं की मौत होने की बात कही जा रही है लेकिन आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बताया गया है कि ट्रक के नीचे दबी एक छात्रा को काफी देर बाद निकाला जा सका। इससे आक्रोशित लोगों ने ट्रक में आग लगा दी।

मौके पर मेजा कोतवाली की स्थानीय पुलिस के साथ एसीपी रवि कुमार गुप्ता भी मौजूद हैं। स्थानीय आक्रोशित लोगों को काबू करने में पुलिस को भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। फिलहाल छात्राओं का नाम पता मालूम नहीं हो सका है।

# केन्द्रीय संचार ब्यूरो ने दारागंज में स्वच्छता की दिलायी शपथ

प्रयागराज, 24 सितम्बर (हि.स.)। ह्लस्वच्छता ही सेवाह्व पखवाड़े के अंतर्गत ह्लस्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छताह्व के तहत मंगलवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के केन्द्रीय संचार ब्यूरो प्रयागराज द्वारा ज्ञान आरोग्य चैरिटेबल ट्रस्ट दारागंज में उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलायी गयी।

इस अवसर पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो के वरिष्ठ सहायक राम मूरत विश्वकर्मा ने कहा कि स्वच्छता का सीधा सम्बन्ध हमारे शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है। इसलिए स्वच्छता को अपनाकर हम काफी हद तक स्वस्थ रह सकते हैं। ट्रस्ट के कौशल किशोर मिश्र ने कहा कि स्वच्छता अभियान की वजह से ही आज स्कूल-कॉलेज, गली-मोहल्ले, सार्वजनिक स्थल साफ-सुथरे दिखाई दे रहे हैं।

इस दौरान राष्ट्रव्यापी अभियान ह्लएक पेड़ मां के नामह्व के तहत पौधरोपण हेतु तीन पौधे ट्रस्ट के अध्यक्ष कौशल किशोर मिश्र को भेंट किये गये। कार्यक्रम के दौरान ब्यूरो के बालमुकुन्द सिंह, रवि तिवारी, एमपी मिश्र, विनोद मिश्र, एमएस यादव आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों को विकसित भारत की प्रचार सामग्री भी उपलब्ध करायी गयी।

# संस्कारयुक्त शिक्षा से देश बनेगा महान : योगेन्द्र उपाध्याय

बलिया, 24 सितंबर (हि.स.)। जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय

(जेएनसीयू) के छठवें दीक्षांत समारोह में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस दीक्षांत समारोह पर अपने कुलपति से प्राप्त उपदेश को अपने जीवन में उतार कर अपना भविष्य उज्ज्वल बनाएं।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि देश आज नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य संस्कार होना चाहिए। संस्कारयुक्त शिक्षा से ही देश महान बनेगा। दुर्भाग्य से देश में मैकाले की शिक्षा प्रदान की जा रही थी। मैकाले की नीति ने काले अंग्रेज पैदा किए। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस शिक्षा प्रणाली को बदला गया है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति देकर देश को आगे बढ़ाने का काम किया है।

# राजभवन के सफाई कर्मचारियों एवं उनके परिजनों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

लखनऊ, 24 सितंबर (हि.स.)। ह्यस्वच्छता सेवा पखवाड़ा-2024ह्य के अंतर्गत मंगलवार को राजभवन परिसर में राजभवन के सफाई कर्मचारियों एवं उनके परिजनों हेतु ह्यह्यस्वास्थ्य जाँच शिविरह्यह्य तथा ह्यह्यसामाजिक सुरक्षा सहायता शिविरह्यह्य का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जाँच शिविर का उद्घाटन अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे ने किया।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के सबसे महत्वपूर्ण अंग सफाई कर्मचारी हैं। वे प्रतिदिन सफाई में मनोयोग से जुटे रहते हैं।

उन्होंने कहा कि सफाई कर्मियों एवं उनके परिजनों के स्वास्थ्य की रक्षा तथा सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करना एवं उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ना शासन की मंशा है। अपर मुख्य सचिव द्वारा शिविर में लगे विभिन्न स्टालों का निरीक्षण तथा उपस्थित सफाई कर्मी एवं उनके परिजनों से संवाद किया गया।

इस अवसर पर विशेष सचिव राज्यपाल श्रीप्रकाश गुप्ता ने स्वास्थ्य जाँच शिविर तथा सामाजिक सहायता योजना शिविर की जानकारी प्रदान की।

राजभवन में आयोजित शिविर में 56 सफाई कर्मियों एवं उनके परिजनों की स्वास्थ्य जाँच एवं 12 विभिन्न विभागों की योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

इन 12 विभागों में ग्राम विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, प्रोबेशन, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, स्वास्थ विभाग, जिला पूर्ति विभाग, नगर निगम, बैंक, जिला शहरी विकास एजेन्सी, जल निगम, राजस्व विभाग, मंध्याचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड आदि शामिल थे।

सफाई कर्मियों एवं उनके परिजनों के लिए आयोजित ह्यस्वास्थ्य जाँच शिविरह्य में नेत्र, ई.एन.टी., रक्त, अस्थि रोग, रक्तचाप, मधुमेह एवं चिकित्सकों की सलाह पर अन्य जाँच करवाई गई।

इसके अतिरिक्त ह्यसामाजिक सहायता योजनाह्य शिविर में जॉब कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना कार्ड, वृद्धा पेंशन योजना कार्ड, बैंकिंग सेवा, शहरी आवास, पेयजल कनेक्शन, इन्द्रधनुष, जनधन आदि योजनाओं से लाभार्थियों को आच्छादित करने हेतु काउंटर लगवाया गया।

सफाई कर्मियों एवं उनके परिजनों ने अपना पंजीकरण कराकर विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ से आच्छादित होने हेतु अपने आवेदन अलग-अलग विभागों के सम्बन्धित काउंटर पर जाकर जमा कराया।

इस अवसर पर अपर नगर मजिस्ट्रेट चतुर्थ फाल्गुनी सिंह, राजभवन चिकित्सालय के समस्त चिकित्सक, राजभवन के अधिकारी, कर्मचारी एवं राजभवन में कार्यरत सफाई कर्मी और उनके परिजन उपस्थित रहे।

# शिक्षा को रोजगार से जोड़कर योजना बनाएं विश्वविद्यालय : राज्यपाल

बलिया, 24 सितंबर (हि.स.)।

जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय के छठवें दीक्षान्त समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को गंगा




बहुद्देशीय सभागार में 43 मेधावियों को गोल्ड मेडल दिया। इसके साथ ही उन्होंने 23344 छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की। उन्होंने कहा कि विवि रोजगार की दिशा में काम करें।

राज्यपाल के हाथों उपाधि प्राप्त करने वालों में स्नातक के 19448 व स्नातकोत्तर के 3894 मेधावी थे। इसमें 9452 छात्र और 13890 छात्राएं थीं। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगल पांडेय और चित्तू पाण्डेय को याद करते हुए कहा कि भारतीय राजनीति को नई दिशा देने वाले जयप्रकाश नारायण और पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर इसी धरती के थे।

उन्होंने कहा कि गोल्ड मेडल पाने वालों में लड़कियां अधिक हैं। जबकि बेटे पिछड़ रहे हैं। कहा कि आजकल सबसे आसान काम राजनीति है। जिसे लड़के पसंद करते हैं। लड़कों से पूछने पर कहते हैं कि उन्हें नेता बनना है। जबकी लड़कियां शिक्षा के क्षेत्र में काम करना चाहती हैं। राज्यपाल ने कहा कि लड़के बिना कारण भी नेता बनने की इच्छा रखते हैं। जबकि उन्हें सोचना चाहिए कि जयप्रकाश नारायण जैसे महान नेता ने भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए देश के लाखों लोगों का नेतृत्व किया था।

राज्यपाल ने शिक्षा के महत्व के बारे में कहा कि विवि ऐसे विद्यार्थी तैयार करें जो सही दिशा में और आवश्यकता के अनुसार काम करें। विश्वविद्यालयों में हम जो पढ़ाते हैं वह जमीन पर सही ढंग से उतरता नहीं है। इसीलिए यह सोचना चाहिए कि जो शिक्षा दी जा रही है वह सही इस्तेमाल हो। शिक्षा देने के लिए यह तय होना चाहिए कि जिस उद्देश्य से शिक्षा दी जा रही है, उसका उपयोग सही हो। कहा कि बलिया बाढ़ क्षेत्र है। भवन बनाते समय यहां यह देखना चाहिए कि किस उद्देश्य से भवन बनाया जा रहा है। एक क्लासरूम का उदाहरण देते हुए कहा कि ब्लैकबोर्ड बन गया था और ऊंचाई इतनी थी कि उस पर पढ़ाना शिक्षक के लिए परेशानी होती थी। मैंने इंजीनियर से कहा कि प्लेटफार्म बनाएं ताकि सबको सुविधा हो।

कहा कि कौशल विकास इस जिले के लिए सबसे जरूरी है। यदि हम विद्यार्थियों को कौशल नहीं देंगे तो विकास भी नहीं होगा। बोलीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर विद्यार्थी के लिए पैसे का प्रावधान किया है। कौशल विकास पर फोकस नहीं होगा तो विद्यार्थियों को लाभ कैसे होगा। देश की बड़ी-बड़ी कंपनियों को बाध्य किया गया है कि विद्यार्थियों को इंटर्नशिप कराएंगे। इससे विद्यार्थियों को रोजगार मिलेगा। एक करोड़ से अधिक बच्चों के लिए बिना ब्याज धनराशि देने का प्रावधान केन्द्र सरकार ने किया है। यह इसलिए किया गया है ताकि रोजगार बढ़े। विद्यार्थियों में अलग-अलग गुण होते हैं। उसे उत्साहित करना चाहिए। विवि के कर्ताधताओं से कहा कि शिक्षा को रोजगार से जोड़कर योजना बनाएं। जननायक विवि कृषि क्षेत्र में कैसे काम कर सकती है, इसके लिए कृषि विशेषज्ञों से राय लें।

कहा कि प्राइमरी स्कूल के एक बच्चे ने श्रवण कुमार और उनके माता-पिता पर चित्र बनाया है। जब बच्चे ऐसा कर सकते हैं तो कालेजों के विद्यार्थी क्यों नहीं कर सकते। इसके लिए विवि को आगे आना होगा।

कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए विश्वविद्यालय को आगे आना होगा। ये बच्चे देश का भविष्य हैं। इनमें राष्ट्रप्रेम जागृत करना हमारा काम है। इसके पहले प्राइमरी स्कूलों के बच्चों को राज्यपाल ने उपहार दिए।

समारोह को उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, कुलपति प्रो संजीत गुप्त व कुलसचिव एसएल पाल आदि ने भी सम्बोधित किया।

# फलित सिजरिया चुने गए राष्ट्रमंडल युवा परिषद के उपाध्यक्ष

झांसी, 24 सितंबर (हि.स.)। झांसी के फलित सिजरिया हाल ही में हुए राष्ट्रमंडल युवा परिषद के चुनावों में जीत कर अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुने गए हैं। इस दायित्व में वह राष्ट्रमंडल के 56 देशों के 150 करोड़ से अधिक युवाओं का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस वर्ष अध्यक्ष की कुर्सी अफ्रीकी महाद्वीप के लिए आरक्षित थी।

इस चुनाव में सभी देशों की राष्ट्रीय युवा परिषद एवं सरकारें अपना वोट देती हैं। हर देश के पास एक वोट होता है। फलित का शपथ ग्रहण अगले माह 20 अक्टूबर को समोआ के पैसिफिक टापू पर सभी राष्ट्रमंडल देशों के राष्ट्रध्यक्षों के समक्ष होगा। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी एवं विदेश मंत्री जयशंकर भी इस बैठक में अपेक्षित हैं। यहां राष्ट्रमंडल युवा सम्मेलन में सभी देशों के प्रतिनिधि रहेंगे। कई सरकारों एवं राष्ट्रीय युवा परिषदों की ओर से बधाई संदेश आए हैं। अफ्रीकी युवा संगठन एवं पैसिफिक युवा संगठन के कई पदाधिकारियों ने इस परिणाम का स्वागत किया है।

गौरतलब है कि फलित अब अगले 2 वर्षों तक सभी देश की सरकारों, राष्ट्रीय युवा परिषदों और युवाओं का प्रतिनिधित्व विभिन्न अंतरराष्ट्रीय पटल पर करते रहेंगे। फलित वर्तमान में राष्ट्रमंडल छात्र संघ के भी एशिया अध्यक्ष हैं जो चुनाव उन्होंने 2 वर्ष पूर्व जीते थे। भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान भी फलित वाई-20 अर्थात जी-20 के आधिकारिक युवा संगठन में भारतीय प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष थे। यह दायित्व उन्होंने इस वर्ष ब्राजील के बेलें में वार्ता के दौरान भी निभाया। फलित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों में भारत एवं विश्व भर के युवाओं का प्रतिनिधित्व करते रहते है। पिछले सप्ताह उन्हें यूनेस्को एवं यूनिसेफ ने थाईलैंड के बैंगकॉक में एशिया पैसिफिक शिक्षा वार्ता में सभी देशों के शिक्षा मंत्री एवं मंत्रालयों के समक्ष युवाओं का परिपेक्ष्य रखने के लिए संबोधित करने निमंत्रित किया था।

फलित 2020 में सीबीएसई एयर 3 रहे थे एवं उनकी पढ़ाई दिल्ली के प्रसिद्ध सेंट स्टीफेन कॉलेज से हुई है। वह स्टूडोमैट्रिक्स नामक राष्ट्रीय स्कूल छात्र संगठन के संस्थापक हैं जो उभरते शहरों में स्कूली विद्यार्थियों के बीच पिछले 5 वर्ष से काम कर रहा है और वर्तमान में 150 से अधिक शहरों में 10 लाख से अधिक विद्यार्थियों के साथ जुड़ा हुआ है।

# बीडीएम में विचार गोष्ठी आयोजित

शिकोहाबाद। बीडीएम गर्ल्स डिग्री कॉलेज में प्राचार्या गीता यादुवेंदु के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतगर्त राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान वालंटियर्स को राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तार से बताया।

पूर्व राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉक्टर नीलम ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में बताते हुए कहां कि इसकी स्थापना की प्रेरणा स्वामी विवेकानंद थे। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना 24 सितंबर 1969 को हुई थी। जबकि पूर्व सेवा योजना अधिकारी प्रीति सिंह ने कहा की युवा शक्ति के व्यक्तित्व के विकास के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिससे कि छात्राओं में देशभक्ति की भावना का प्रचार और प्रसार हो। जिसमें वर्तमान एनएसएस प्रभारी डॉक्टर माया गुप्ता एवं डॉक्टर नम्रता प्रसाद के उपस्थिति में इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें कॉलेज की अन्य शिक्षिकाएं भी उपस्थित रही।



# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, मृत्यु

## पौन घंटे तक नहीं आई एंबुलेंस, बीच सड़क पर तड़पता रहा युवक

शिकोहाबाद। मंगलवार दोपहर एक बजे के करीब एटा रोड पर ग्रीन पार्क के सामने एक बाइक सवार को ट्रक ने रौंद दिया। घटना में युवक बुरी तरह से घायल हो गया। गंभीर हालत में युवक 40 मिनट तक बीच सड़क पर तड़पता रहा। कई बार एंबुलेंस को फोन किया। लेकिन एंबुलेंस नहीं आई। करीब 45 मिनट बाद एंबुलेंस आई, उसके बाद युवक को फिराजाबाद ट्रामा सेंटर भेजा गया। जहां परीक्षण के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया और शव पोस्टमार्टम गृह में रखवा दिया। ट्रक को पुलिस ने पकड़ लिया है, जबकि चालक फरार हो गया है।

नगला कुंवर प्रसाद निवासी करन कुलश्रेष्ठ (17) पुत्र संजीव कुलश्रेष्ठ दोपहर एक बजे के करीब घर से बाइक से निकला था।

जैसे ही वह ग्रीन पार्क के समीप शिकोहाबाद-एटा मार्ग पर पहुंचा था, तभी सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। ट्रक का पहिया उसकी कमर से होकर निकल गया, जिससे युवक के शरीर का बीच का हिस्सा पूरी तरह से फट गया था। सूचना पर चौकी प्रभारी मौके पर पहुंच गये। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस को फोन किया, लेकिन एंबुलेंस पौन घंटे बाद अरांव से आई। जबकि शहर में एंबुलेंस के कई पोइंट बनाये गये हैं, लेकिन एक भी एंबुलेंस नहीं पहुंची। अगर समय से एंबुलेंस पहुंच जाती, तो हो सकता है कि युवक की जान बच सकती थी। 40 मिनट तक युवक बीच सड़क पर तड़पता रहा। युवक की मृत्यु की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया।

एंबुलेंस के आने के बाद पुलिस ने घायल को रखवा कर फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज भेज दिया। जहां रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई। ट्रामा सेंटर में तैनात चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया और शव रखवा दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि ट्रक को पकड़ लिया है। अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जायेगी।

# ऑपरेशन जागृति अभियान के तहत जन चौपाल का आयोजन कर छात्राओं, महिलाओं को किया जागरूक

हाथरस। महिलाओं एवं बालिकाओं के जागरूकता व स्वाबलंबन एवं उनके प्रति होने वाले अपराधों में कमी लाने हेतु 23 सितम्बर से 8 दिवसीय महिला सुरक्षा अभियान" शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत 4 अभियान मिशन शक्ति , एंटी रोमियो ,महिला बीट एवं ऑपरेशन जागृति के अंतर्गत कार्यवाही की जानी है। उक्त अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी नगर रामप्रवेश राय द्वारा हाथरस गेट क्षेत्रांतर्गत अक्रूर इण्टर कालेज ,क्षेत्राधिकारी सादाबाद हिमांशु माथुर द्वारा थाना सहपऊ क्षेत्रांतर्गत प्राथमिक विद्यालय नगलामानी, क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ श्यामवीर सिंह द्वारा थाना सिकन्द्राराऊ क्षेत्रांतर्गत आर्य कन्या इण्टर कालेज सिकन्द्राराऊ पहुंचकर अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरूक किया गया साथ ही जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में गोष्ठी आयोजित कर अभियान चलाकर महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरुक किया गया तथा इसी प्रकार जनपद की समस्त एंटी रोमियों टीमों द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के प्रति पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की शक्ति दीदी/महिला बीट आरक्षियों, एण्टी रोमियों टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत बीट,गांव,स्कूल, कॉलेज में जाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत चौपाल लगाकर बालिकाओं एवं महिलाओं की शिकायतों को सुनवाई की गयी तथा "मिशन शक्ति" के सम्बन्ध में सभी बालिकाओं,महिलाओं को जागरुक किया, उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें मनचलों, अराजक तत्वों से निपटने तथा आत्मरक्षा करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षात्मक गुण सिखाये गये। इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओं के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया।



# स्वच्छता को लेकर निकाली रैली को मेयर ने दिखाई झंडी

मथुरा। राज्य सरकार के निर्देशन में नगर निगम मथुरा वृन्दावन शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता को बढावा देने हेतु स्वच्छता ही सेवा-2024 स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। अभियान में स्वच्छता में जनभागीदारी थीम के अन्तर्गत 23 सितम्बर को स्वच्छता के प्रति नागरिकों की जनसहभागिता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से महापौर विनोद अग्रवाल ने शहर के बीएसए डिग्री कॉलेज पर मैराथन रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। रैली बीएसए डिग्री कॉलेज से बस स्टैण्ड आदि स्थानों से होते हुए वापस बीएसए कॉलेज मे समापन हुआ। रैली में स्वच्छता के प्रति नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा था।

साथ ही कूड़े को गाड़ियों में डालने की अपील की गई इस दौरान अपर आयुक्त अनिल कुमार ,नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन/जौनल सैनेटरी नेचर ग्रीन टूल्स मशीन प्राइवेट लिमिटेड से परियोजना प्रमुख अभिलाष चौधरी,ऑपरेशन मैनेजर अभिषेक वाजपेई,आई ई सी मैनेजर सुमित सोलंकी एवं वार्ड जोनल सुपरवाइजर और आईईसी टीम उपस्थित रही।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

हाथरस। आगरा अलीगढ राजमार्ग स्थित मां कंकाली मंदिर के निकट एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मंगलवार को मिली जानकारी के अनुसार अलीगढ थाना सासनी गेट के मुहल्ला गंभीरपुर खिरनीगेट निवासी अखिल गुप्ता का पुत्र रजत गुप्ता पुत्र उम्र करीब तेईस वर्ष किसी काम से हाथरस आया था जो काम समाप्त करने के बाद बाइक द्वारा अलीगढ जा रहा था। बताते हैं कि जैसे ही वह मां कंकाली मंदिर के निकट पहुंचा वैसे ही पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह बाइक सहित सडक पर गिर गया। बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। और बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद राजमार्ग पर राहगीरों की भीड जुट गई।

सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। जिसका देर शाम परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। समाचार लिखे जाने तक घटना की कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई थी। क्षतिग्रस्त बाइक पुलिस ने अपने कब्जे में ले ली है।

# स्कार्पियो सवारों ने लूटी बेगनआर एवं नगदी

हाथरस। आगरा अलीगढ रोड पर अज्ञात स्कार्पियो चालक एक बेगन आर चालक की कार और उसका जरूरी सामान तथा नगदी लूट ले गये। जिसकी शिकायत पीडित ने कोतवाली में की है।

मंगलवार को अपनी शिकायत में जिला बुलंदशहर के पिसौला स्याना निवासी मोहित पुत्र मदन सिंह त्यागी। अपनी बेगन आर कार में सवार होकर किसी काम से अलीगढ की ओर से आगरा की ओर जा रहे थे। अलीगढ पार करने के बाद उनके मित्र का फोन आया जिस पर बात की ओर थोडी दूर चलने के बाद एक दुकान से कोल्ड ड्रिंक ली पीडित ने बताया कि कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद जैसे ही वह आगे बढा वैसे ही एक स्कार्पियो कार ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। पीडित ने तहरीर में बताया कि जैसे ही वह गांव बरसै के निकट पहुंचा वैसे ही स्कार्पियो सवारों ने उनकी बैगनआर के सामने स्कार्पियो लगा दी और तमंचे के बल पर मोहित को कार से नीचे उतारकर एक लैपटॉप, एक मोबाइल, तीन हजार रुपए और बैगनआर कार को लूटकर ले गये। घटना के बाद राहगीरों और ग्रामीणों की भीड जुट गई। किसी प्रकार पीडित कोतवाली पहुंचा और आपबीती पुलिस को बताई। पुलिस ने घटना को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए वायरलैस द्वारा घटना की सूचना अन्य थानों को दी। मगर कार सवारों का कोई पता नहीं चला। पीडित ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी है वहीं पीडित ने स्कार्पियों में सवार लुटेरों की संख्या चार बताई है।

## सिम्स हॉस्पिटल में चर्मरोग एवं केशरोग विभाग की नि:शुल्क ओपीडी 28 सितम्बर तक

मथुरा । सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, सिम्स हॉस्पिटल मथुरा में त्वचा रोग, केश रोग, नाखून रोग, सौन्दर्य रोग एवं यौन संचारित रोग से पीड़ित लोगों के लिए 23 सितम्बर से 28 सितम्बर तक नि:शुल्क ओ.पी.डी. रहेगी। डमाटोलॉजिस्ट एवं ट्राइकोलॉजिस्ट डॉ. तेजस्विनी एस. शर्मा, दोपहर 2 से सांय 5 बजे तक मरीजों को नि:शुल्क परामर्श देंगी।

इस अवसर पर डमाटोलॉजी एवं ट्राइकोलॉजी विभाग की वरिष्ठ सलाहकार डॉ. तेजस्विनी एस. शर्मा ने कहा कि चर्मरोग, सफेद दाग एवं बाल झड़ने की समस्या, उम्रदराज लोगों के साथ युवाओं में भी ये समस्या काफी देखी जा रही है। त्वचा पर लाल-काले निशान या चेहरे पर पिम्पल-फुंसी की समस्या काफी देखने को मिलती है। यदि किसी को भी चर्मरोग, कुछ रोग या केशरोग की समस्या है वे 23 सितम्बर से 28 सितम्बर तक दोपहर 2 से 5 बजे बक नि:शुल्क परामर्श के लिए सिम्स हॉस्पिटल में आये।

इस अवसर पर सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के चेयरमैन डॉ. गौरव भारद्वाज ने कहा कि सिम्स है तो मुमकिन है। मुझे बहुत खुशी है कि ब्रजवासियों की डॉ. तेजस्विनी एस. शर्मा सिम्स में अपनी सेवायें दे रही है। और इस नि:शुल्क डमाटोलॉजी कैम्प से अनेक मरीज लाभान्वित हो रहे हैं। डमाटोलॉजी की नि:शुल्क ओपीडी का अधिक से अधिक ब्रजवासी लाभ उठायेंगे ऐसा मेरा विश्वास है।

# कातिलाना हमले के दो अभियुक्त पकड़े

फिरोजाबाद। थाना नारखी पुलिस ने कातिलाना हमले के 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है उनके पास से तमंचा कारतूस बरामद किए है।

प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह थाना नारखी ने पुलिस बल के साथ चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर दो अभियुक्तों को पकड़ा है। पुलिस ने उसे मित्तर भट्ठा बरतरा थाना नारखी से पकड़ा।

पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्तों के नाम अरविन्द यादव पुत्र पूरन सिंह तथा कुशलपाल पुत्र पूरन सिंह निवासी नगला अमान थाना नारखी बताए है।

पुलिस ने कार्यवाही कर उसे जेल भेजा है।

उनके पास से एक देशी तमंचा 315 बोर, एक खोखा कारतूस 315 तथा ए क जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया है।

पुलिस ने बरामदगी के आधार पर दोनो के खिलाफ कार्यवाही कर उन्हे जेल भेजा है

# पर्यावरण मित्र ने मनाया बीसवां स्थापना दिवस

शिकोहाबाद। प्रकृति संरक्षण को समर्पित संस्था पर्यावरण मित्र ने बीसवें स्थापना दिवस के अवसर पर कृषि संकाय के विद्यार्थियों एवं पर्यावरणविदों के साथ संगोष्ठी की। इस दौरान छात्र-छात्राओं को वन दर्शन भी कराया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रुद्राक्ष मैन विवेक यादव और मुख्य अतिथि के रूप में नारायण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीके सिंह रहे। इस अवसर पर पर्यावरण मित्र अध्यक्ष किरण बजाज ने अपने संदेश में कहा कि वन क्षेत्र का ज्ञान कोरी किताबों के माध्यम से मिल ही नहीं सकता। मेरा मानना है कि जैविक कृषि,खाद,कीटनाशक अलौकिक विज्ञान है। विनोवा भावे जी कहते थे कि धरती की सेवा विश्व की सेवा है। जब रोज खाते है तो हमें श्रमदान जरूर करना चाहिए।

कार्यक्रम का प्रारम्भ पर्यावरण मित्र कृषि विशेषज्ञ राजीव प्रताप ने कृषि संकाय के डेढ सौ विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को वन दर्शन करके कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने वाले रेडवर्म केचुआ दिखाया और बताया कि यह प्रकृति के सबसे बड़े मित्र हैं। इस अवसर पर सभी लोगों ने पौधारोपण भी किया।

सभागार में पंचमहाभूतों के पूजन के साथ संगोष्ठी का प्रारम्भ हुआ। इस अवसर पर रुद्राक्षमैन विवेक यादव का पर्यावरणीय सम्मान हरित कलश,बैजयन्ती माला,शॉल व सम्मान राशि से किया गया। कार्यक्रम में आए हुए सभी पर्यावरणविदों को हरित कलश देकर सम्मानित किया गया।

सभी विद्यार्थियों को प्रसंशा पत्र दिए गए। सर्वप्रथम वरिष्ठ समन्वयक दीपक औहरी ने पीपीटी के माध्यम से पर्यावरण मित्र के कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में सेनेटरी इंस्पेक्टर दिनेश यादव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राजीव गुप्ता,अरविन्द तिवारी,मंजर उलवासे,मनोज कुलश्रेष्ठ,सतीस समर्थ,सुनीता पालीवाल,हरिश्चन्द्र यादव,डॉ.राहुल,डॉ.कुलदीप,राम प्रकाश गुप्ता,मोहित जादौन,भूपेन्द्र सिंह और राहुल शर्मा उपस्थित रहे।




# जायंट्स ग्रुप आफ महिला शक्ति गरीब असहाय लोगों की सेवा में ही विश्वास करती है -उमेश अग्रवाल

फि रोजाबाद जॉयनट्स ग्रुप ऑफ महिला शक्ति के अध्यक्ष मधु गर्ग की अध्यक्षता में सेवा सप्ताह का आयोजन किया गया ।सर्वप्रथम फेडरेशन अधिकारी फेडरेशन अध्यक्ष डॉ. उमेश अग्रवाल एवं लव कुमार आर्य का ( फेडरेशन प्रशासनिक निदेशक ),यूनिट डायरेक्टर सौम्या चौहान , प्रॉजेक्ट कोर्डिनेटर अनु बंसल , फेडरेशन ऑफिसर रश्मि अग्रवाल ,का अध्यक्ष द्वारा स्वागत किया गया ।प्रशासनिक निदेशिका द्वारा सेवा सप्ताह की रिपोर्ट बताई गई ।ग्रुप की सदस्याओं मोनिका झिलमिल पूजा चारुल स्वेता गुंजन संगति तन्वी आदि के द्वारा (सर्व धर्म एक सामान )एक बहुत ही सुंदर लघु नाटिका प्रस्तुत की गई ।

आयोजन में अमर वीर जवान शहीद देवेश कुलश्रेष्ठ के माता पिता का सम्मान किया गया ।

ग्रूप के द्वारा २ दिव्यंगो को ीं१ल्लॅ ॅल्लीदी गई जिससे वह अपनी पढ़ाई सुचारु रूप से कर सके ।

चित्रकला प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं को पुरस्कार दिए गये ।

मंच का संचालन पूर्व अध्यक्ष कल्पना राजोरिया एवं उपाध्यक्ष राखी बंसल ने किया

अंत में वित्तनिदेशिका रीना गर्ग ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया ।

ग्रूप की महिलाओं की उपस्तिथि गरिमामय रही ।



# मानव अधिकार जागरूकता सम्मेलन का आयोजन

हाथरस, मानव अधिकारों का संरक्षण व संवर्धन केवल मानव अधिकारों की जागरूकता से ही किया जा सकता है

एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट्स के तत्वावधान में मेला रिसीवर कैम्प में मानव अधिकार जागरूकता सम्मेलन का आयोजन किया गया सम्मेलन का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के छविचित्र पर माल्यार्पण व सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया

जनसमूह सेवानिवृत्ति ज्वाइंट रजिस्टर एनएचआरसी ओ.पी. व्यास ,पूर्व सांसद राजेश दिवाकर ,नेशनल फुटबॉल प्लेयर सुमित शर्मा ने कहा कि प्रत्येक स्टूडेंट को अपने शिक्षा अध्ययन के साथ-साथ मानव अधिकार की जानकारी अवश्य होनी चाहिए जिससे कि उनका किसी प्रकार से हनन न हो,प्रेम रघु आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज की छात्र-छात्राओं ने भी मानव अधिकारों की उपयोगिता पर भी संवाद किया

सम्मेलन को जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. सरिता सिंह,जिलाध्यक्ष डॉ.पी.पी. सिंह, जिला महासचिव नवीन गुप्ता,महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष वर्षा वार्ष्णेय ने भी संबोधित किया,सम्मेलन संयोजक व राष्ट्रीय महासचिव प्रवीन वार्ष्णेय ने सम्मेलन का संचालन किया, सम्मेलन की अध्यक्षता राष्ट्रीय प्रवक्ता देवेंद्र गोयल ने की

सम्मेलन को सफल बनाने में अनिल अग्रवाल, राजेश वार्ष्णेय, राकेश किशोर गौड़, रवि गुप्ता, मुरारीलाल चौधरी ,मनोज वार्ष्णेय, कौशल किशोर गुप्ता, अमन बंसल, गोपाल अग्रवाल, शैलेश अग्रवाल, कमलकांत दोबरवाल, राजकुमार अग्रवाल, बाल प्रकाश वार्ष्णेय, शैलेंद्र सांवलिया, दीपेश अग्रवाल, उपवेश कौशिक, सौरभ सिंघल, सौरभ अग्रवाल, सोनल अग्रवाल, इशा वर्मा,डिम्पल वार्ष्णेय, हर्षिता वार्ष्णेय, भव्यांश वार्ष्णेय, शिव शंकर गुलाटी, रामगोपाल दीक्षित, कवि बाबा देवी सिंह निडर, मदनलाल वार्ष्णेय, योगेश वार्ष्णेय, चंदन वार्ष्णेय, नरेंद्र शर्मा,मुकेश जैन,मनोज वार्ष्णेय, जितेंद्र तलहटिया,केशवलाल अरोड़ा (डब्बू) आदि उपस्थित रहे



# सशक्त भारत और आत्मनिर्भर भारत बनाना मोदी का लक्ष्य है –ब्रज बहादुर भारद्वाज




फि रोजाबाद सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में राष्ट्र के प्रति अपनी अथक सेवा को समर्पित देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीवन यात्रा पर आधारित प्रेरक गाथा 'सचित्र प्रदर्शनी' का आयोजन टूंडला तहसील एटा रोड टूंडला में किया गया , कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी ब्रज बहादुर भारद्वाज ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के विभिन्न तथ्यों पर आधारित एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

प्रेरक गाथा सचित्र प्रदर्शनी 24 सितंबर से 2 अक्टूबर तक लगी रहेगी और सभी नगरवासी और जिलेवासी इसका अवलोकन करेंगे। इस दौरान ब्रज बहादुर भारद्वाज ने कहा कि17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से लेकर 2 अक्टूबर को गाँधी जयंती तक, पूरे देश में 'सेवा पखवाड़ा' के तहत अनेक कार्यक्रम हो रहे हैं। इसी के निमित्त आज मा. मोदी जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई है।

इस प्रदर्शनी में मोदी जी के बचपन से लेकर सेवा व देशप्रेम की भावना का परिचय दर्शकों को मिलता है। साथ ही उनसे प्रेरणा भी मिलती है। इस दौरान *जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह* ने कहा कि मोदी की संकल्पनाह्न थीम पर सचित्र प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन की झांकी तथा उनके द्वारा कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश के लिए किए जा रहे कार्यों एवं योगदान की झलक के छाया चित्र है

इससे हम सभी को एक प्रेरणा मिलेंगी। ह्यराष्ट्र निर्माण के लिए भारत के जन-जन का साथ आवश्यक है, भाजपा का लक्ष्य - एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत' बनाना।। इस प्रकार सचित्र प्रदर्शनी अभियान के संयोजक डॉ अमित गुप्ता जिला प्रवक्ता / मीडिया प्रभारी , आकाश शर्मा जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा , हनुमंत सिंह बघेल , दिनेश गुप्ता मण्डल अध्यक्ष टूंडला , शिव शंकर शर्मा , रीतेश कुमार एडवोकेट , वीरेंद्र सिंह , जुबिन भारद्वाज , दिव्यांशु उपाध्याय , गौरव सिसोदिया आदि

# मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव की संदिग्ध हालातो में मौत

फिरोजाबाद । थाना नारखी क्षेत्र में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव की संदिग्ध हालातो में मौत हो गई। उसका शव खेत में पड़ा मिला। परिजनो ने हत्या की आशंका व्यक्त की है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को जिला अस्पताल भिजवाया है।

नेपई निवासी दीपक उर्फ गट्टा पुत्र राजेंद्र कुमार मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव था। वह फिरोजाबाद काम करने आता था। वह सोमवार को प्रतिदिन की भांति काम पर गया था।

उसके बाद वह वापस घर नही आया। देर रात तक वह घर नही पहुंचा तो परिवारीजन घबरा गए।उन्होंने उसकी तलाश शुरू कर दी। परिजनो को मंगलवार को पता चला एक युवक का शव कपाबली स्थित एक खेत में पड़ा है।

शव के बारे में पता चलते ही परिवारीजन वहा पहुंचे। वहा पड़ा शव दीपक का ही था। उसकी नाक से खून निकल रहा था। शव को देख परिवारीजन रोने लगे।

पुलिस मौके पर पहुंची। एसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद ने वहा पहुंचकर परिजनो से पूछताछ की। परिजनो ने हत्या कीआशंका व्यक्त की है।

एसपी सिटी ने बताया दीपक की संदिग्ध हालातो में मौत ही है। शव के पास से एक पौव्वा तथा तीन ग्लास बरामद हुए है। पुलिस कई बिंदुओं पर तहकीकात कर रही है।

मृतक के भाई ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।

# घर में घुसे युवक को पकड़ा,पिटाई कर पुलिस को सौंपा

फिरोजाबाद। थाना लाइनपार क्षेत्र एक युवक एक मकान में घुस गया। आवाज होते ही परिवार के लोगो ने उसे पकड़ लिया। लोगों ने उसकी जमकर पिटाई की। उसे पुलिस के हवाले किया।

थाना क्षेत्र रामनगर स्थित एक मकान में मंगलवार भोर में एक युवक छत के रास्ते घुस गया। युवक की आहट होते ही परिवार के लोग जाग गए। उन्होंने युवक को पकड़ लिया। वह पड़ोस का रहने वाला है। पड़ोस के लोग भी वहा आ गए।

परिजनो ने चोरी का आरोप लगा उसकी जमकर पिटाई की। मारपीट कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने युवक का मेडिकल कराया है।

युवक का नाम युवक का नाम आकाश 22 वर्ष पुत्र ख्यालीराम बताया गया है। वह चंद्रवार गेट थाना लाइनपार का रहने वाला है।

थाना प्रभारी लाइनपार ने बताया एक घर में घुसने के दौरान परिजनों ने पकड़ युवक को पकड़ लिया। उस पर चोरी का आरोप लगाया है। युवक का मेडिकल कराया गया है। कोई तहरीर नहीं आई है।

# सड़क दुर्घटना में घर का चिराग बुझने के बाद परिजनों ने सरकारी ट्रामा सेंटर में किया हंगामा

## मृतक के परिजन डॉक्टरों लगा रहे थे लापरवाही का आरोप




फिरोजाबाद, थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के एटा चौराहे के समीप मंगलवार की दोपहर ट्रक के रौंदने से घायल युवक ने सरकारी ट्रामा सेंटर में दम तोड़ दिया युवक की मौत के बाद मृतक के परिजनों ने चिकित्सको व स्वास्थ्य कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया

प्रदेश सरकार एक ओर तो स्वास्थ्य सेवाओं को सुद्रण बनाने के प्रयास कर रही है। वही स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत अधिकारी और कर्मचारी सरकारी आदेशो को धता बताकर पलीता लगा रहे है।

जिसका उदाहरण मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध सरकारी ट्रामा सेंटर में आये दिन रोगियों के तीमारदारों द्वारा हंगामा काटने से मिलता है।ट्रामा सेंटर की सारी व्यवस्थाये पैरामेडिकल स्टूडेंटों के हवाले कर दी गयी है। जिन पर ट्रामा सेंटर में आये, रोगियों को इंट्रा केड तक सही ढंग से लगाना तक नही आता है। वह इंट्रा केड डालने के लिये रोगी के शरीर मे जगह जगह छेद कर देते है। इनके साथ कोई प्रिशिक्षित स्टाफ मौजूद नही रहता।

मंगलवार को ऐसा ही हुआ कि सरकारी ट्रामा सेंटर में थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के एटा चौराहे के समीप ट्रक के रौंदने से 17 वर्षीय करन पुत्र संजीव निवासी गंगा नगर शिकोहाबाद को घायल अवस्था मे उपचार के लिये मेडिकल कॉलेज के सरकारी ट्रामा सेंटर में परिजनों द्वारा लाया गया। परिजनों का आरोप है, कि उसे लगभग 20 मिनट तक ऑक्सीजन नही लगाई गयी, एवं दुर्घटना के कारण घायल अंडकोष को काटने के लिए सर्जिकल ब्लेड तक नही था, उसके अलावा लगभग 1 घण्टे तक कोई चिकित्सक ने देखा तक नही, जिसके कारण बच्चे ने दम तोड़ दिया। बहुत ही लापरवाही है। स्टाफ और चिकित्सक ने उपचार में पूरी तरह से लापरवाही बरती है। यदि दशा नाजुक थी, तो उसे समय रहते हुए किसी हायर मेडिकल सेंटर के लिये रैफर क्यो नही किया। परिजनों का आरोप है, कि रैफर स्लिप जब बनायी गयी, जब उसने दम तोड़ दिया। ईंन सभी बातों को लेकर मृत युवक के परिजनों ने हंगामा काटना शुरू कर दिया। और हंगामा के दौरान शव को काफी देर तक नही उठाने दिया। सूचना पर आयी पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर बड़ी मुश्किल से शान्त किया तब युवक के शव को पोस्टमार्टम में रखवाया गया। हंगामा शुरू होते ही सरकारी ट्रामा सेंटर में कार्यरत स्टाफ और चिकित्सक गायब हो गये। जिससे कुछ देर के लिये स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रभावित हो गयी। मृतक युवकअपने पिता के अकेली संतान थी

# गर्मी के चलते धरने पर नहीं बैठे पीड़ित

## बैनर लगा रहा, पीड़ित लोग सब कमरों में बैठे मिले



शिकोहाबाद। प्रशासन और नेताओं की बेरुखी के कारण विगत दो दिन से धरना प्रदर्शन कर रहे विस्फोट पीड़ित महिलाएं मंगलवार को धरने पर नहीं बैठीं। जब इस संबंध में उनसे जानकारी की तो उन्होंने बताया कि गर्मी के कारण बाहर बैठा नहीं जा रहा है। इस लिए वह कमरे में बैठी हैं। उनका धरना जारी है।

मुआवजे की मांग को लेकर विगत दो दिन से सचिवालय में ही धरने पर बैठी महिलाओं ने मंगलवार को नहीं बैठी। सचिवालय में धरने का बैनर तो लगा है, लेकिन वहां कोई महिला, पुरुष नहीं मिला। सचिवालय में सन्नाटा पसरा हुआ था। सभी महिलाएं सचिवालय में बने कमरों में बैठी हुई थीं। जब इस संबंध में सचिवालय के कमरों में रह रही महिलाओं से जानकारी की तो उन्होंने कहा कि उनकी कोई सुनवाई नहीं कर रहा है। दो दिन से ना तो कोई प्राशसनिक अधिकारी आया है। जो नेता आ रहे हैं, वह अपने फोटो खिंचा कर और कोरे आश्वासन देकर चले जाते हैं। उनकी मदद करने वाला कोई नहीं है।

उनके बच्चे भूख प्यास से ब्याकुल हैं। गांव के लोग ही उनकी मदद करने में लगे हुए हैं। लेकिन प्रशासन की तरफ से कोई मदद नहीं दी जा रही है। सचिवालय में रुकीं पीड़ित महिलाओं का दर्द झलक उठा। उन्होंने कहा कि सरकार को उनकी समस्या को गंभीरता से लेकर समाधान कराना चाहिए। उनकी बात को ना तो भाजपा के मंत्री ने सुना और ना ही समाजवादी पार्टी के सांसद और विधायक ने कोई ध्यान दिया। सभी लोग आए और कोरे आश्वासन देकर चले गये। जिसके बाद उन्हें न्याय मिलेगा इसकी आश भी धूमिल होने लगी है।

# कृति गुप्ता ने सीएस परीक्षा में पाई सफलता

शिकोहाबाद। कंपनी सेक्रेट्रीज (सीएस) परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ तो नगर की बेटी ने अपनी सफलता का परिचम लहरा दिया। कृति इस सफलता के बाद अब किसी भी कंपनी में सेक्रेट्री के पद पर कार्य कर सकेंगीं। छात्रा की इस सफलता से उसके माता पिता के साथ नगर और जनपद का नाम भी रोशन हुआ है। कृति ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता के साथ गुरुजनों को दिया है।

नगर के मोहल्ला मिश्राना निवासी कारोबारी प्रतीक गुप्ता की बेटी ने सीएस परीक्षा पास कर परिवार का नाम रोशन किया है। उनकी बेटी कृति ने सीएस की परीक्षा की तैयारी की और उसमें सफलता प्राप्त कर ली। अब कृति कंपनियों में सेक्रेट्री के पद पर चयनित होकर अपने दायित्व का निवर्हन करेंगीं। कृति दो भाई बहनों में सबसे बड़ी हैं। छोटा भाई देवांश कक्षा नौ में पढ़ पढ़ रहा है।

कृति की मां सीमा गुप्ता गृहणी हैं। कृति की इस सफलता पर उनके परिवार और मिलने वाले उन्हें बधाई दे रहे हैं। वर्तमान में कृति मेजर रामवीर सिंह ग्रुप ऑफ एजूकेशन में कार्यकर रही है।

# एडीएम और एसडीएम ने किया अस्पताल का निरीक्षण

## अधिकारियों ने अस्पताल में मानव संसाधन की ली जानकारी



शिकोहाबाद। कमिश्नर के आदेश पर मंगलवार को दोपहर तीन बजे के करीब एडीएम और एसडीएम अस्पताल पहुंचीं। अधिकारियों ने सीएमएस से अस्पताल में मानव संसाधनों के बारे में पूरी जानकारी ली। इसके साथ ही अस्पताल में चिकित्सकों की क्या स्थित है। पेरामेडिकल स्टाफ, लेब टेक्निशियन कितने हैं।पीने के पानी की क्या स्थाई व्यवस्था है। अस्पताल में रखे जैनरेटर की क्या हा है। शौचालय एवं ओटी क्रियाशील हैं अथवा नहीं।

कमिश्नर के आदेश पर मंगलवार को दोपहर तीन बजे के करीब एडीएम विशु राजा और एसडीएम विकल्प अस्पताल पहुंची। अधिकारियों को देख अस्पताल स्टाफ में हलचल मच गई। अधिकारियों ने सीएमएस डॉ. आरसी केशव से अस्पताल में मानव संसाधन कितने हैं। डॉक्टर की संख्या क्या है। पेरामेडिकल स्टाफ कितना है। लेब टेक्निशयन कितने हैं। अस्पताल में मानव संसाधनों के अभाव में क्या परेशानियां आ रही हैं। इन सभी चीजों का अधिकारियों ने पूछा और अपने पेशकार से नोट कराया। इसके साथ ही अस्पताल परिसर में पीने के पानी की क्या व्यवस्था है। जैनरेटर की क्या स्थित है। चालू है अथवा बंद पड़ा है। ओटी क्रियाशील है अथवा नहीं। अस्पताल में बने शौचालय में साफ सफाई की क्या स्थित है। इन सभी बिन्दुओं पर गहनता से पूछताछ की और फिर अधिकारी कमियों को पूरा करने के निर्देश देकर चले गये। इस अवसर पर अस्पताल के चिकित्सक और स्टाफ उपस्थित रहा।

# युवक की संदिग्ध अवस्था में मृत्यु, शव मेडिकल कॉलेज भेजा

शिकोहाबाद। प्रतापपुर रोड़ स्थित जैन भट्टा के समीप रहने वाला एक युवक की संदिग्ध परस्थितियों में मृत्यु हो गई। किसी व्यक्ति ने उसकी हत्या की सूचना डायल112 पर देदी। जिसके बाद मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने पूरी जानकारी ली। स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक की बीमारी के चलते मृत्यु हुई है। चूंकि सूचना लखनऊ कंट्रोल रूम से आई थी, जिसके बाद पुलिस ने शव कब्जे में लेकर फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

एक व्यक्ति ने कंट्रोल रूम को फोन कर युवक की हत्या की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में खलबली मच गई। पुलिस मौके पर दौड़ पड़ी। घटना स्थल पर पहुंच कर पुलिस ने मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों से भी जानकारी एकत्रित की।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि पूछताछ में स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक नेमीचंद्र (45) पुत्र सुरेश चंद्र की मृत्यु बीमारी के चलते हुए है। लेकिन फिर भी शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु की जानकारी हो सकेगी। इस संबंध में अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# ट्रेन से कटे युवक के शव की हुई शिनाख्त

फिरोजाबाद थाना जीआरपी क्षेत्र के माल गोदाम के समीप 2 दिन पूर्व जिस युवक की ट्रेन से कट कर मौत हो गई थी उस युवक के शव की शिनाख्त मंगलवार को उसके परिजनों ने जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम गृह पहुंचकर की है

स्थानीय माल गोदाम के समीप 22 सितंबर को एक विभाग की ट्रेन से कटकर मौत हो गई थी मौके पर पहुंची जीआरपी ने सबको कब्जे में लेकर पहचान करने का प्रयास किया परंतु शव की पहचान नहीं हो सकी पुलिस अज्ञात के रूप में शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई जहां शव को विच्छेदन गृह में रखवा दिया था इधर मृतक के परिजन मंगलवार को जिला अस्पताल पहुंचे और शव को देखकर उन्होंने उसकी पहचान 19 वर्षीय ललितेश कुमार पुत्र स्वर्गीय सुरेश चंद निवासी टॉपा खुर्द थाना उत्तर के रूप में की है शव को देख परिजनों में कोहराम मच गया मृतक के ताऊ रमेश चंद्र ने जानकारी देते हुए बताया की ललितेश गूंगा बहरा था वहां ना तो सुन सकता था और ना बोल सकता था वह 22 सितंबर को घर से निकल गया और हम लोग उसकी तलाश करते रहे लेकिन कोई पता नहीं चला कुछ लोगों ने जानकारी दी एक युवक की माल गोदाम के समीप ट्रेन से कटकर मौत हो गई है तब वह परिजनों के साथ जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम गृह पहुंचे और उन्होंने शव को देखा तो शव ललितेश का ही था

# आटो चालक को मारपीट कर 58 हजार रुपए छीन

फिरोजाबाद। थाना उत्तर क्षेत्र में आटो में सवार लोगों ने चालक को मारपीट कर घायल कर दिया। उससे रुपए छीन लिए। घायल को उपचार कोअस्पताल लाया गया।

थाना दक्षिण के क्षेत्र नगला भाऊ निवासी राघवेंद्र आटो चलाता है। वह मंगलवार को अपने मामा को 58 हजार रुपया देने जा रहा था। आटो में उसने सवारियां बिठा ली। उनमें से दो तीन युवक शराब पिए हुए थे। रास्ते में राघवेंद्र ने जेब से मोबाइल फोन बात करने को निकाला। उस दौरान उसके रुपए भी निकल आए। बाद में उसने रुपए जेब के अंदर रख लिए। चालक का आरोप है अस्पताल के गेट पर गाड़ी में बैठे यात्रियों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। शोर मचाने पर वहा काफी लोग आ गए। लोगो का आता देख हमलावर भाग गए। घायल चालक को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। चालक का आरोप है हमलावर उसके रुपए छीन कर ले गए। प्रभारी निरीक्षक का कहना है मामले की जांच की जा रही है।

# अत्यधिक शराब पीने से युवक की मौत

फिरोजाबाद थाना एक के गांव सेबड़ी में सोमवार की रात अत्यधिक शराब पीने से एक युवक मौत हो गई पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है

सेवड़ी निवासी 35 वर्षीय बबलू पुत्र प्रीतम सिंह शराब पीने का आदी था

उसने सोमवार की रात घर से निकल कर कुछ दूरी पर अत्यधिक शराब पी ली और वह वहीं गिर गया लोगों को उसकी जानकारी सोमवार की प्रात तब हुई जब वह घर नहीं पहुंचा लोक दैनिक क्रिया के लिए खेतों की तरफ जा रहे थे तब वह मृत अवस्था में पड़ा हुआ दिखाई दिया मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई इधर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है

जहां शव को बिछेदन ग्रह में रखवा दिया है

मृतक ने अपने पीछे विधवा पत्नी एक पुत्री और दो पुत्र को रोते बिलखते छोड़ा है

# छत से गिरकर अधेड़ घायल

*फिरोजाबाद। थाना शिकोहाबाद क्षेत्र में एक अधेड़ छत से नीचे गिर पड़ा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार को अस्पताल लाया गया।

गांव रामकुआ निवासी काली चरन 50 वर्ष दो मंजिल से नीचे गिर पड़ा। वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

उसके गिरने का पता चलते ही परिवार के लोग जाग कर बाहर आ गए। नीचे गिरने से वह बेहोश हो गया।

उसकी हालत देख परिवार के लोग घबरा गए। परिजन चीख पुकार करने लगे।

उनकी आवाज सुन पड़ोस के लोग भी आ गए।

परिवारीजन आनन फानन में उसे उपचार को जिला अस्पताल लेकर आए। चिकित्सक ने उसे भर्ती कर लिया। बेटे यशपाल ने बताया वह ऊपर सो रहे थे। उसी दौरान गिर पड़े।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रशान्त वशिष्ठ के लिये पुष्प प्रिंटर्स, बौधाश्रम फिरोजाबाद से छपकर कार्यालय दैनिक सच क्या है बौधाश्रम फिरोजाबाद से प्रकाशित।
सम्पादक- छीतरिया शर्मा
फोन नं. 05612297399. 9411927251, 9259041013, 9997830502
E-mail fzd@suchkyahai.com
suchkyahai@gmail.com
suchkyahai87@gmail.com